




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./दुर्ग/1000000029/2026-28

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 17 अंक - 249 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 22 जून 2026 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर



### तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने एक्टिवा सवार को रौंदा, मौके पर मौत चालक फरार

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में सोमवार को शक्ति मुख्य मार्ग पर हुए सड़क हादसे में एक्टिवा सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने एक्टिवा को टक्कर मार दी, जिससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसा उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तिलकेजा के पास आमापाली गांव के पास हुआ। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर फरार हो गया। मृतक की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। उसके पास मिले दस्तावेज के आधार पर पुलिस रायगढ़ जिले के पटेलपाली, गजानन चौहान निवासी होने की संभावना जता रही है। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### रायपुर में 23 जून को होगा पेंशन संवाद

**रायपुर।** पेंशनभोगियों के साथ जुड़ाव को मजबूत करने और पेंशन से संबंधित शिकायतों के त्वरित निवारण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, संयुक्त संचार लेखा नियंत्रक कार्यालय, छत्तीसगढ़ सर्कल, रायपुर द्वारा 23 जून, 2026 को पेंशन संवाद का आयोजन किया जा रहा है। यह संवादात्मक सत्र सुबह 11:00 बजे संयुक्त संचार लेखा नियंत्रक कार्यालय, छत्तीसगढ़ सर्कल, रायपुर में शुरू होगा। यह कार्यक्रम विशेष रूप से उन पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों के लिए एक संवादात्मक मंच के रूप में तैयार किया गया है, जो संयुक्त संचार लेखा नियंत्रक कार्यालय, छत्तीसगढ़ सर्कल के माध्यम से अपनी पेंशन प्राप्त कर रहे हैं। विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित लोगों से सीधे बातचीत करेंगे, उनकी चिंताओं व सुझावों को सुनेंगे और पेंशन से जुड़े विभिन्न मामलों पर मौके पर ही मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

# छत्तीसगढ़ से 1000 श्रद्धालु सोमनाथ यात्रा पर रवाना, सीएम साय ने दिखाई हरी झंडी

## 22 से 26 जून तक चलेगी यात्रा, सीएम साय ने यात्रियों से मिलकर उन्हें यात्रा की दी शुभकामनाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भारतीय संस्कृति, आस्था और राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रतीक सोमनाथ धाम से जुड़ने के लिए छत्तीसगढ़ से एक ऐतिहासिक सांस्कृतिक यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत सोमवार को रायपुर रेलवे स्टेशन से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस यात्रा में छत्तीसगढ़ के 1000 लोग रवाना हुए। पांच दिवसीय यह यात्रा 26 जून तक चलेगी। इस मौके पर पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि व लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

विशेष ट्रेन को रवाना करने से पहले सीएम साय ने यात्रा कर रहे विशिष्ट जनों से मुलाकात की और सभी को यात्रार की शुभकामनाएं दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने एक सभा को भी संबोधित किया। इस दौराप उन्होंने कहा किसोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारत की उस सांस्कृतिक



चेतना और गौरवशाली विरासत का प्रतीक है, जिसने हजार वर्षों की चुनौतियों के बाद भी अपनी आस्था और पहचान को अक्षुण्ण बनाए रखा। इसी ऐतिहासिक अवसर पर संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की यह सांस्कृतिक यात्रा उसी राष्ट्रीय अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य नई पीढ़ी को भारत की सांस्कृतिक जड़ों, आध्यात्मिक धरोहर और राष्ट्रीय गौरव से जोड़ना है।

### यात्रियों में छत्तीसगढ़ के विशिष्ट लोग शामिल

इस यात्रा की विशेषता यह है कि इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित विशिष्टजन, पद्म पुरस्कार एवं राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित कलाकार, साहित्यकार, संस्कृति कर्मी, समाजसेवी तथा जनप्रतिनिधि शामिल हुए। यात्रा के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, परंपराओं और सांस्कृतिक विविधता का भी राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन होगा। यात्रा करने वाले लोग अपने-अपने क्षेत्रों की पवित्र मिट्टी और नदियों का जल लेकर सोमनाथ पहुंचेंगे, जो भारत की सांस्कृतिक एकता, आध्यात्मिक समरसता और राष्ट्रीय अखंडता का प्रतीक बनेगा।

### ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के स्थलों का भ्रमण

यात्रा के दौरान प्रतिभागियों को सोमनाथ मंदिर के दर्शन के साथ-साथ विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियों में शामिल होने का अवसर मिलेगा। मंदिर दर्शन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, कला यात्राएं तथा ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के स्थलों का भ्रमण इस कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहेगा। इससे न केवल प्रतिभागियों को भारत की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत को निकट से जानने का अवसर मिलेगा, बल्कि विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक प्रतिनिधियों के बीच संवाद और आदान-प्रदान भी बढ़ेगा।

# छत्तीसगढ़ में आईएसआई नेटवर्क जांजगीर में पकड़ाया संदिग्ध



श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में आईसीआई से कनेक्टेड संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया गया है। मूलत: पंजाब के तरनतारन जिले का निवासी 23 वर्षीय युवक सेवक सिंह पर पाकिस्तान स्थित आईएसआई को संवेदनशील जानकारी साझा करने का आरोप है। जिले के एसपी विजय कुमार पांडे रविवार को इस संबंध में जानकारी दी है। एसपी ने बताया कि सेवक सिंह पाकिस्तान समर्थित आईएसआई नेटवर्क से जुड़े लोगों के संपर्क में था।

एसपी विजय पाण्डेय ने बताया कि सेवक सिंह को अकलतरा में किराएदार सत्यापन के दौरान पकड़ा गया। उसके द्वारा दी गई जानकारी संदिग्ध लगने पर उसे हिरासत में लिया गया। । वह मिनीमाता चौक के पास एक किराए के मकान में रह रहा था।शुरुआती पूछताछ व दस्तावेजों की जांच के दौरान हैरान कर देने वाले खुलासे हुए। सेवक सिंह के खिलाफ अकलतरा पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि उसके मोबाइल फोन की जांच से व्हाट्सएप चैट, वीडियो कॉल रिकॉर्ड और अन्य डिजिटल सामग्री मिली है। पुलिस को आरोपी के मोबाइल से कई जरूरी डिजिटल सबूत मिले हैं। इसमें वॉट्सएप चैट, वीडियो कॉल के रिकॉर्ड, कॉल रिकॉर्डिंग और कुछ अन्य जानकारियां शामिल हैं। पुलिस ने मोबाइल को जब्त कर लिया है और उसे फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है, ताकि उसके सभी संपर्कों और गतिविधियों की अच्छे से जांच की जा सके।

शुरुआती पूछताछ में आरोपी ने कथित तौर पर बताया कि वह पिछले कुछ महीनों से पाकिस्तान में बैठे आईएसआई समर्थित लोगों के संपर्क में था। जांच में यह भी सामने आया है कि वह वॉट्सएप, टेलीग्राम और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए विदेशी नंबरों और संदिग्ध लोगों से लगातार बातचीत करता था। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पर छत्तीसगढ़ के कुछ महत्वपूर्ण लोगों, संवेदनशील जगहों, लोकेशन, वाहनों के नंबर और फोटो-वीडियो जैसी जानकारियां साझा करने का भी संदेह है। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और आरोपी से पूछताछ जारी है।

# अमेरिका ने 48 करोड़ डॉलर के रक्षा सौदे को दी मंजूरी, सैन्य क्षमता में होगा इजाफा

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने भारत को अपाचे हेलीकॉप्टर और अल्ट्रा लाइट होवित्जर तोपों के रखरखाव और सहायता सेवाओं से संबंधित उपकरण बेचने की मंजूरी दे दी है। इस प्रस्तावित सौदे की कुल अनुमानित लागत 48.22 करोड़ अमेरिकी डॉलर है। अमेरिका के डिफेंस सिक्योरिटी कोऑपरेशन एजेंसी (डीएससीए), जो विदेशी सैन्य बिक्री (एफएमएस) को मंजूरी देती है, उसने 17 जून को संघीय रजिस्टर में इस रक्षा बिक्री संबंधी अधिसूचना जारी की।

इससे पहले 18 मई को अमेरिकी विदेश विभाग ने भारत को अपाचे हेलीकॉप्टरों और एम777ए2 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर तोपों के लिए सहायता सेवाओं की संभावित बिक्री के बारे में अमेरिकी कांग्रेस को सूचित किया था। भारत ने अपनी तोपखाना क्षमता, खासकर पर्वतीय क्षेत्रों में संचालन क्षमता को मजबूत करने के लिए अमेरिका से एम777ए2 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर



खरीदी थीं। वहीं भारतीय सेना एएच-64ई अपाचे अटैक हेलीकॉप्टरों का भी संचालन करती है, जिन्हें दुनिया के सबसे उन्नत लड़ाकू हेलीकॉप्टरों में गिना जाता है। अधिसूचना के अनुसार इस पैकेज में सहायक उपकरण, स्पेयर पार्ट्स, मरम्मत एवं वापसी सेवाएं, प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता, फील्ड सर्विस प्रतिनिधि, डिपो क्षमता विकास तथा लॉजिस्टिक और कार्यक्रम सहायता से जुड़े तत्व शामिल होंगे। इस सहायता पैकेज की अनुमानित लागत 23 करोड़ डॉलर बताई गई है।

# कुख्यात लल्लन सिंह मुठभेड़ में ढेर

**सहारनपुर।** बिहार के समस्तीपुर जिले का रहने वाला सवा लाख का इनामी कुख्यात ललन सिंह उर्फ लल्लन रविवार देर रात सहारनपुर में यूपी एसटीएफ से मुठभेड़ में मारा गया। मुठभेड़ सरसावा-नकुर रोड पर हुई। इस दौरान उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। उसकी तलाश में टीम दबिश दे रही है। एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश के अनुसार, ललन सिंह लंबे समय से कई संगीन मामलों में वांछित था। उसकी गिरफ्तारी पर वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट की ओर से एक लाख रुपये और चंदौली पुलिस की तरफ से 25 हजार का इनाम घोषित था।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने जीता FIH हॉकी महिला नेशन्स कप, देशभर में खुशी की लहर

■ वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने दी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं'

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए FIH हॉकी महिला नेशन्स कप का खिताब अपने नाम कर देश को गौरवान्वित किया है। पूरे टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अदम्य आत्मविश्वास और टीम भावना का परिचय देते हुए यह ऐतिहासिक सफलता अर्जित की। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने भारतीय महिला हॉकी टीम की सभी खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ एवं सपोर्ट टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।




वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि भारतीय महिला हॉकी टीम ने पूरे टूर्नामेंट में जिस जुनून, समर्पण और तकनीकी दक्षता का प्रदर्शन किया, वह वास्तव में प्रशंसनीय है। खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से देशवासियों का दिल जीत लिया है और विश्व मंच पर भारत का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि इस सफलता के पीछे खिलाड़ियों के अथक परिश्रम के साथ-साथ कोचिंग स्टाफ और सपोर्ट टीम का भी महत्वपूर्ण योगदान है।

# बिलासपुर का कोटा नगर पंचायत बना नगर पालिका, अधिसूचना जारी

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले का कोटा नगर पंचायत अब नगर पालिका परिषद् बन गया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कोटा के नगर पंचायत से नगर पालिका में उन्नयन के संबंध में अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित कर दी है। विभाग द्वारा प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार नगर पंचायत कोटा की सीमाएं ही नगर पालिका कोटा की सीमाएं होंगी।




बता दें उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव द्वारा बिलासपुर जिले के कोटा नगर पंचायत को नगर पालिका बनाने की घोषणा की थी। उपमुख्यमंत्री की घोषणा अब पूरी हो गई है। नगर पालिका परिषद बनने से कोटा क्षेत्र का विकास और भी बेहतर हो जाएगा। सालाना बजट बढ़ने के साथ ही अन्य सुविधाओं का विस्तार होगा।






### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश अवैध खनन गतिविधियों पर अंकुश

# बलौदाबाजार में 6 क्रशर सील, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में रेत के अवैध उत्खनन में प्रयुक्त चैन माउंटेन जब्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई हो रही है। शासन की मंशा खनिज संसाधनों के संरक्षण, उनके नियमानुसार उपयोग तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश सुनिश्चित करने की है।

इसी कड़ी में खनिज साधन के विभाग के सचिव और संचालक के निर्देशानुसार केंद्रीय खनि उड़नदस्ता की संयुक्त टीम ने प्राप्त शिकायतों के आधार पर 21 एवं 22 जून 2026 को विभिन्न जिलों में औचक निरीक्षण एवं जांच अभियान चलाकर कार्रवाई की। इस दौरान जिला बलौदाबाजार के ग्राम खपरीडीह में गौण खनिज निम्न श्रेणी चूनापत्थर से



संबंधित स्वीकृत अस्थायी भंडारण अनुज्ञप्ति स्थलों एवं खदानों का निरीक्षण किया गया। जांच में विभिन्न प्रकार की अनियमितताएं पाए जाने पर 06 क्रशर इकाइयों को सीलबंद किया

इसी प्रकार जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के ग्राम दहिदा में महानदी क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एक चैन माउंटेन मशीन द्वारा अवैध रूप से रेत उत्खनन किया जाना पाया गया। खनिज अधिनियम के प्रावधानों के तहत उक्त मशीन को जब्त कर आगामी आदेश तक सीलबंद किया गया। मशीन को मशीन ऑपरेटर की सुपुर्दगी में दिया गया है तथा मशीन स्वामी को नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि प्रदेश में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की गतिविधियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा खनिज संपदा के नियमानुसार उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाएँ
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544

श्रीकंचनपथ
भिलाई–दुर्ग

प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन
के लिए
संपर्क करें
Mob.-:
9303289950
7987166110





## प्रमुख खबरें



### ब्रह्माकुमारीज द्वारा भव्य योग महोत्सव का सफल आयोजन

**भिलाई।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज भिलाई सेक्टर 7 स्थित मुख्य सेवाकेंद्र राजयोग भवन द्वारा स्व. राजेश पटेल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-2 विशाल परिसर में भव्य योग महोत्सव का आयोजन किया गया। वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी प्राची दीदी ने राजयोग के बारे में बताया। श्रेष्ठ संकल्पों के साथ सभी ने संगठित राजयोग मेडिटेशन द्वारा स्वयं को, प्रकृति के पांचों तत्वों को चारों दिशाओं में शांति के प्रकंपन फैलाए। भिलाई सेवाकेंद्रों की निदेशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने कहा कि आज योग की महत्ता को सारे विश्व ने अंगीकार किया है हमें भी सिर्फ एक दिन नहीं बल्कि प्रतिदिन कुछ समय स्वयं के लिए निकाल कर अपने आत्मा रूपी बैटरी को चार्ज करना है।




### डिवाइन ग्रुप के बच्चों ने दी योग आधारित विशेष प्रस्तुति

**भिलाई।** ब्रह्माकुमारीज भिलाई द्वारा राजेश पटेल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-2 में आयोजित योग दिवस पर प्रतिदिन राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास करने वाले डिवाइन ग्रुप के बच्चों ने विभिन्न आसनों से युक्त सर्वे भवन्तु सुखिन:, छोड़ तनिक दुनियां का शोर...गीतों के माध्यम से सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इस भव्य कार्यक्रम में चिकित्सा, शिक्षा, कला, राजनीति, मीडिया, विज्ञान जगत के प्रबुद्धजन सहित बड़ी संख्यां में ब्रह्मा वत्सो ने लाभ लेकर आयोजन को सफल बनाया।

### उपमुख्यमंत्री साव ने महापौर के साथ निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम क्षेत्र में संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण अधोसंरचना परियोजनाओं का आज उपमुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, लोककर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर,जल कार्य प्रभारी लीना दिनेश देवांगन कलेक्टर अभिजीत सिंह, आयुक्त सुमित अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में निरीक्षण किया। समीक्षा करते हुए सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# भिलाई चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने एलओसी जीरो पाइंट जम्मू के टिटवाल में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

श्रीकंचनपथ समाचार

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्वर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने जम्मू-कश्मीर के नियंत्रण रेखा स्थित टिटवाल क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया।

महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा में तैनात जवानों के साथ योग दिवस पर योग करना मेरे लिए व पूरी टीम के लिए गौरव का विषय है।देश के नौजवानो के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए भिलाई चेम्बर अध्यक्ष कहा कि देश रक्षको के साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।

इस अवसर पर चेम्बर पदाधिकारियों ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो तन, मन और आत्मा के संतुलन का माध्यम है। भसीन ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र में योग दिवस का आयोजन देशभक्ति,




अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि योग विश्व को भारत की देन है। 12 वर्ष पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में इसे अंतरराष्ट्रीय मंच मिला। स्वस्थ एवं निरोगी जीवन योग के महत्व को पूरे विश्व ने स्वीकार किया और आज पूरी दुनिया एक साथ योग कर रही है।

प्रतिनिधिमंडल ने सीमा क्षेत्र के महत्व को समझते हुए राष्ट्र की सुरक्षा में लगे वीर जवानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की तथा सभी नागरिकों से नियमित योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

उक्त कार्यक्रम की जानकारी देते हुए चेम्बर के शंकर सचदेव ने बताया कि इस अवसर पर मनोहर कृष्णानी, विनय सिंह, प्रेम रतन गहलोत, अक्षय गुप्ता, अग्रवाल जी, सुनील मिश्रा व सदस्यों ने कहा कि 'स्वस्थ भारत और सशक्त भारत के निर्माण में योग की महत्वपूर्ण भूमिका है तथा योग विश्व को भारत की अनमोल देन है।'

# आर्टकॉम का हर आंगन एक पेड़ अभियान : हेरीटेज स्कूल परिवार के 1300 से अधिक लोगों ने लिया संकल्प

श्रीकंचनपथ समाचार

**भिलाई।** आर्टकॉम के पर्यावरण संरक्षण अभियान 'हर आँगन एक पेड़' के आठवें वर्ष का शुभारंभ शनिवार को हैरिटेज इंटरनेशनल स्कूल से किया गया। मुख्य अतिथि के रूप दुर्ग सांसद विजय बघेल उपस्थित रहे।

हेरीटेज स्कूल के संचालक बृजमोहन अग्रवाल, आर्टकॉम के नीशु पाण्डेय की मौजूदगी में 1300 से अधिक छात्र-छात्राओं एवं 40 शिक्षकों ने अपने-अपने आँगन में 'एक पेड़ माँ के नाम' लगाने तथा उस पौधे का कम से कम तीन वर्षों तक संरक्षण करने का संकल्प लिया।

पौधरोपण से पूर्व सांसद विजय बघेल ने बच्चों को जल संरक्षण हेतु संदेश दिया। उन्होंने कहा, भूमिगत जल को बढ़ाना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने आर्टकॉम के अभियान 'हर आँगन वाटर हार्वेस्टिंग' या 'एक सोखता संतान के नाम' अभियान का हिस्सा बनने आग्रह



किया। विद्यालय परिसर में नीम, पीपल, कटहल, आम, गुलमोहर सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया।

आर्टकॉम के इस क्रमबद्ध आयोजन में सांसद विजय बघेल, बीएसपी ओए के अध्यक्ष नरेंद्र बंछोर, करमजीत सिंह, डॉ. रमेश श्रीवास्तव, बृजमोहन उपाध्याय, सुधीर बंसल, कल्पना स्वामी, संगम अग्रवाल, अमिताभ भट्टाचार्य, शारदा गुप्ता, विनोद उपाध्याय, राजेश अग्रवाल, संतोष जायसवाल, रजनीकांत अग्रवाल, सूर्यकांत पाण्डेय, सी.पी. सिंह, श्रीराम, रविंद्र देवांगन, दशरथ भोई तथा आर्टकॉम संस्था के संचालक निशु पाण्डेय सहित हैरिटेज स्कूल के शिक्षकगण एवं सहयोगीगण उपस्थित रहे।

### नशामुक्ति आईकॉन राजेश अग्रवाल का किया सम्मान




आर्टकॉम संस्था कला, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पूर्ण रूप से नशामुक्त जीवन अपनाने वाले राजेश अग्रवाल को आर्टकॉम की ओर से बृजमोहन उपाध्याय एवं करमजीत सिंह ने प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर निशु पाण्डेय द्वारा लिखित एवं निर्देशित हिंदी लघु फिल्म 'सरदारा' भी दिखाई गई। फिल्म के मुख्य पात्र सरदारा (करमजीत) के अभिनय एवं फिल्म के माध्यम से दिए गए 'धन के पीछे अंधाधुंध न भागने' के संदेश ने सभी को प्रभावित किया।

# अखिल भारतीय ओपन स्पीड स्केटिंग स्पर्धा में भिलाई के स्केटर्स ने जीते मेडल




श्रीकंचनपथ समाचार

**भिलाई।** कोलकाता में हुई रोलर स्केटिंग के ऑल इंडिया ओपन स्पीड स्केटिंग चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ के स्कैटर्स ने 15 से ज्यादा मैडल हासिल कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया।

इस ओपन स्कैटिंग चैम्पियनशिप में भिलाई से 8 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था और सभी ने मैडल जीते। सालभर की मेहनत और चोटिल होकर भी खिलाड़ियों ने अपने हौसले से सफलता का यह मुकाम हासिल किया।

इस ओपन नेशनल में बतौर ऑफिशियल और छत्तीसगढ़ में स्कैटिंग को पहचान दिलाने वाले कोच दलजीत सिंह ने कहा कि इस चैम्पियनशिप में देशभर से 4 सौ ज्यादा खिलाड़ी शामिल हुए थे, जिसमें भिलाई के खिलाड़ियों ने बेहतरीन परफार्मेंस दिया।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों ने बताया कि इस चैम्पयिनशिप के लिए वे पिछले 2 महीने से रोजाना सुबह 4 बजे से रोड रेस और दो घंटे रिंग में प्रैक्टिस करते थे। देखिए मैडल जीतने के बाद कितना उत्साह खिलाड़ियों में नजर आया।

# इंडोर स्टेडियम खुर्सीपार में हुआ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन, आसनों व प्राणायामों का हुआ सामूहिक अभ्यास

श्रीकंचनपथ समाचार

**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सुअवसर पर नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा खुर्सीपार स्थित इंडोर स्टेडियम में एक भव्य और विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस योगा कार्यक्रम में योगाचार्य जे आर बिसेन, दीक्षा साहू एवं रोज कोसे का विशेष योगदान रहा इनके द्वारा बारीकी से योगा अभ्यास कराया गया। निगम के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक योगाभ्यास से हुई, जहाँ उपस्थित सभी लोगों ने योग के विभिन्न आसनों और प्राणायाम का अभ्यास किया। योग सत्र के समापन पर सभी प्रतिभागियों को नियमित योग करने और अपनी जीवनशैली



को स्वस्थ बनाए रखने का संकल्प दिलाया गया।

'स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है' और इसके लिए स्वच्छ पर्यावरण बेहद जरूरी है। इसी सोच के साथ, योग कार्यक्रम के तुरंत बाद स्टेडियम परिसर में सघन पौधारोपण किया गया।

उपस्थित अतिथियों और अधिकारियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और आम जनमानस से अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की।

इस विशेष आयोजन में भिलाई निगम के प्रशासनिक अमले और जनप्रतिनिधियों की मजबूत मौजूदगी रही, जिनमें मुख्य रूप से आयुक्त राजीव कुमार पांडेय, अपर आयुक्त राजेंद्र कुमार दोहरे, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह, पार्षद श्यामसुंदर राव, गिरजा बंछोर, सरिता देवी, मुख्य अभियंता अजीत कुमार तिग्गा, अधीक्षण अभियंता वेशराम सिन्हा, उपायुक्त डी के कोसरिया, जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, अजय गौर, कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा, संजय अग्रवाल, अनिल सिंह, नितेश मेश्राम, लेखाधिकारी चन्द्रभूषण साहू, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उद्यान सह जनसंपर्क अधिकारी तिलेश्वर साहू, सहायक अभियंता चंद्रकांत साहू, श्वेता माहेश्वर, उप अभियंता बसंत साहू, दीपक देवांगन और रीमा जमुलकर उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम में एन.डी.आर.एफ. की टीम सहित निगम के अन्य अधिकारी-कर्मचारी और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भी विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने योग और पर्यावरण के इस साझा अभियान को सफल बनाया।

# भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारियों एवं कर्मियों ने उत्साहपूर्वक मनाया 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

श्रीकंचनपथ समाचार

**भिलाई।** बीएसपी में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय रूप से किया गया। इस वर्ष की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग रही। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के माध्यम से स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा देना तथा सभी आयु वर्ग के लोगों को नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित करना था।

मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यकारी निदेशक प्रभारी व ईडी (सामग्री प्रबंधन) ए. के. चक्रवर्ती रहे। इस अवसर पर ईडी (वित्त एवं लेखा) प्रवीण निगम, ईडी (मानव संसाधन) पवन कुमार, ईडी (परियोजनाएं) पी. के. सरकार, ईडी (वर्क्स) राकेश कुमार, ईडी (माइंस) कमल भास्कर तथा ईडी (रावघाट) अरुण कुमार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधकों, वरिष्ठ अधिकारियों व



कर्मचारियों के साथ-साथ सेल एथलेटिक्स अकादमी एवं बॉक्सिंग क्लब के बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

योगाचार्य रणवेश सरकार एवं शिवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। योगाचार्यों ने नियमित योगाभ्यास के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए सभी को अपने दैनिक जीवन में योग अपनाने के लिए प्रेरित किया।

संचालन सुप्रियो सेन द्वारा किया गया। सफल संचालन में उप महाप्रबंधक (एससी एंड सीए) राजेन्द्र प्रसाद तथा उप प्रबंधक (एससी एंड सीए) अभिजीत भौमिक की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सीमा सुरक्षा बल में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

# अधिकारियों और जवानों ने साथ-साथ किया योगाभ्यास

श्रीकंचनपथ समाचार

**भिलाई।** 12वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस छत्तीसगढ़ में तैनात सीमा सुरक्षा बल के सामरिक मुख्यालय (विशेष-संक्रिया), भिलाई, क्षेत्रीय मुख्यालयों, अधीनस्थ वाहिनियों तथा सभी सीओबी स्तर तक बड़े उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर संजय पंत, महानिरीक्षक, सामरिक मुख्यालय (विशेष-संक्रिया), सीमा सुरक्षा बल, भिलाई, के कुशल मार्गदर्शन में अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों द्वारा सामूहिक योगाभ्यास किया गया।

कार्यक्रम के दौरान योग के विभिन्न आसनों के अभ्यास के साथ-साथ आधुनिक युग में योग के महत्व, विशेष रूप से नक्सल



विरोधी अभियानों एवं उच्च जिम्मेदारी वाली ड्यूटी के दौरान शरीर को एकाग्र, शांत और सुदृढ़ बनाए रखने में योग की भूमिका पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ योग मंत्र के उच्चारण के साथ हुआ। इसके उपरांत योग के विभिन्न व्यायाम कराए गए।

साथ ही प्राणायाम तथा ध्यान का अभ्यास भी सभी कार्मिकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन 'शांति मंत्र' के सामूहिक पाठ के साथ किया गया।

महानिरीक्षक द्वारा सभी कार्मिकों को उनके स्वस्थ, सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए तथा योग को जीवन का हिस्सा बनाने के संदेश के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया।

# शासकीय कन्या महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आयोजित

श्रीकंचनपथ समाचार

**दुर्ग।** शासकीय डॉ वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, के योग विभाग द्वारा 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन प्राचार्य डॉ रंजना श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि योग एक साधना है, जिसे हम उत्तम स्वास्थ्य, निरोगी काया एवं स्वस्थ मस्तिष्क प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यक्रम में योग विभाग की भुतपूर्व छात्रा नेहा वर्तमान में एमए योगा में अध्ययनरत की अगुवाई में समस्त महाविद्यालय परिवार एवं छात्राओं ने योग किया। सुश्री नेहा ने सूक्ष्म व्यायाम, पवनमुक्त आसन भाग 1, प्राणायाम, आलोम-विलोम, भस्त्रिका, त्रियक ताड़ासन आदि का अभ्यास कराये एवं




मुद्राओं का अभ्यास कराया। योग विभाग की छात्रओं द्वारा डॉ ऋतु दुबे विभागाध्यक्ष के निर्देशन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अमिता सहगल, डॉ मीरा गुप्ता, डॉ सुषमा यादव एवं महाविद्यालय परिवार उपस्थित थे। संचालन श्रीमती तुलिका एवं आभार प्रदर्शन मनस्वी निर्मलकर ने किया।

Since 1972
CROWN®-TV
Choice Of Millions
LED / Washing Machine
Cooler / Fridge
Available All Size

CONTACT :
Atlas Radio Traders (Crown)
Sect.-3, D-48, Ward No. 13
Devendra Nagar, Raipur (C.G.) 492009
Near Akash Gas Agency Line
Mob.: 98262 52372

## खास-खबर

### मोदी सरकार के 12 वर्ष- ओरछा में उमड़ा जनसैलाब

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ के वनांचल क्षेत्रों में विकास और विश्वास का एक नया अध्याय लिखा जा रहा है। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और एक ही छत के नीचे लंबित समस्याओं का त्वरित समाधान करना था। इसी कड़ी में विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत नारायणपुर जिले के सुदूर और संवेदनशील ओरछा विकासखंड में तीन दिवसीय वृहद पंजीकरण शिविरों का गरिमामय आयोजन किया गया। 18 से 20 जून तक चले इस त्रि-दिवसीय महा-अभियान का मुख्य ध्येय शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना था। अबूझमाड़ के जंगलों और सुदूर गांवों से निकलकर ग्रामीण बड़ी संख्या में इन शिविरों में पहुंचे, जिससे शासन और जनता के बीच की दूरी मिटती नजर आई।

### महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों के लिए ई-केवाईसी 30 जून तक

**महासमुंद।** महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार योजना के सभी हितग्राहियों का ई-केवाईसी कार्य 30 जून 2026 तक पूर्ण किया जाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास टिक्केंद्र जटवार ने बताया कि जिले में महतारी वंदन योजना के कुल 3 लाख 18 हजार 576 हितग्राही हैं, जिनमें से 2 लाख 92 हजार 97 हितग्राहियों का ई-केवाईसी पूर्ण हो चुका है।

### सेवा सेतु बना डिजिटल सुशासन का आधार

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन ने प्रशासनिक सेवाओं को अधिक सरल, पारदर्शी और जनसुलभ बनाने की दिशा में लोक सेवा केन्द्रों का उन्नयन ष्सेवा सेतु केन्द्र के रूप में किया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शुरू की गई इस व्यवस्था के तहत अब आय, जाति, निवास प्रमाण-पत्र, विवाह प्रमाण-पत्र, नाम परिवर्तन संबंधी राजपत्र अधिसूचना तथा भू-नकल सहित 441 से अधिक शासकीय सेवाएं एक ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। वर्तमान में जिले के सभी 16 तहसील कार्यालयों में सेवा सेतु केन्द्र संचालित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त अंबिकापुर, लखनपुर एवं सीतापुर के शहरी क्षेत्रों में लगभग 50 सेवा सेतु केन्द्रों के माध्यम से नागरिकों को विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ मिल रहा हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्रों को सेवा सेतु केन्द्रों की सेवाओं के संचालन से जोड़ने की प्रक्रिया जिला स्तर पर की जा रही है। इससे दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों के नागरिकों को अपने क्षेत्र में ही विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ प्राप्त होगा। सेवा सेतु के माध्यम से शासन की विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं का लाभ नागरिकों तक सरल, सुगम और समयबद्ध तरीके से पहुंच रहा है। सभी सेवाओं के लिए निर्धारित समय-सीमा तय की गई है, जिससे आम नागरिकों को तय अवधि के भीतर सेवाओं का लाभ मिल रहा है। एक ही प्लेटफॉर्म पर सेवाओं के संचालन से नागरिकों को अनेक लाभ प्राप्त हो रहे हैं। अलग-अलग विभागों और पोर्टलों पर निर्भरता कम हुई है तथा एक ही स्थान पर सेवाओं की उपलब्धता से समय, श्रम और आर्थिक संसाधनों की बचत हो रही है।

# सुहेला क्षेत्र गढ़ रहा प्रगति के नए आयाम, हर समस्या का प्राथमिकता से होगा समाधान

### आमाकोनी को मिली 28 लाख के विकास कार्यों की सौगात, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने किया लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा अपने जिला प्रवास के दौरान रविवार को तहसील सुहेला के ग्राम आमाकोनी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ग्रामवासियों को बड़ी सौगात देते हुए 10 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन तथा 18 लाख रुपए की लागत से तैयार प्रार्थना शेड एवं अहाता निर्माण का लोकार्पण किया।



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देते हुए राजस्व मंत्री वर्मा ने कहा कि सुहेला क्षेत्र में अब विकास के कार्य लगातार गति पकड़ रहे हैं, जिससे यह क्षेत्र प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र की जो भी समस्याएं हैं, उन सभी का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान किया जाएगा। राजस्व मंत्री ने राज्य सरकार की प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में हमारी सरकार प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए पूरी तरह कृत संकल्पित है।

हमने जनता से की गई श्मोदी की गारंटीश् के सभी प्रमुख वादों को पूरा कर दिया है। ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरोसा देते हुए श्री वर्मा ने बताया कि वर्तमान में आमाकोनी ग्राम में 51 प्रधानमंत्री आवासों का निर्माण तेजी से चल रहा है और आने वाले समय में और भी आवास स्वीकृत किए जाएंगे। उन्होंने दावा किया कि अगले 3 से 4 साल के भीतर क्षेत्र में कोई भी घर कच्चा नहीं रहेगा। सरकार हर घर में शुद्ध पेयजल, बिजली और शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कर रही है। पात्र लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिलने से हर परिवार में खुशहाली आएगी। उन्होंने ग्रामीणों से आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के साथ रहकर गांव के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य,जनपद सदस्य, सरपंच सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# योग से शारीरिक व मानसिक विकास होता है, इसे जीवन में अपनाएं - मंत्री लखनलाल देवांगन

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी वर्ग के लोगों के किया सामूहिक योगाभ्यास

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में नगरवासियों से एक साथ योगाभ्यास किया। न्यू कम्युनिटी हॉल कांकेर के परिसर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर सामूहिक योग में हिस्सा लिए तथा विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास किया।



इस दौरान विधायक कांकेर आशा राम नेताम, नगर पालिका कांकेर अध्यक्ष अरूण कौशिक, पूर्व सांसद मोहन मण्डावी, भारतीय खाद निगम के सदस्य हलधर साहू, प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ हरेश मण्डावी, डीएफओ रौनक गोयल सहित जनप्रतिनिधियों, जिला स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों व नागरिकों, छात्र-छात्राओं, भूतपूर्व सैनिको, एनसीसी व एनएसएस के कैडेटों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर योगासन एवं प्राणायाम की विभिन्न मुद्राओं का एक साथ सामूहिक अभ्यास किया।

सामुहिक योगाभ्यास के पश्चात मुख्य अतिथि मंत्री लखन लाल देवांगन ने संबोधित करते हुए कहा कि योग एवं अध्यात्म भारत की प्राचीन परम्परा को सम्पूर्ण विश्व ने अपनाया है। इसे वैश्विक स्तर पर अधिमान्य दिलाने का श्रेय देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है जिनके सद्प्रयासों से यह संभव हो सका। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का प्रयास है कि राज्य के लिए लोग स्वस्थ्य एवं खुशहाल रहे।

उन्होंने कहा कि योग से शारीरिक व मानसिक विकास होता है इससे विभिन्न प्रकार के विकार दूर होते हैं, स्वस्थ जीवन के लिए योग बहुत आवश्यक है। वर्तमान परिवेश में व्यस्तता और समयाभाव के चलते लोगों की जीवन शैली विकृत हो चुकी है, जिससे वे विभिन्न बीमारियों का शिकार हो जाते हैं। योग से स्वस्थ तन और मन का सकारात्मक विकास होता है। जिस तरह प्राचीन समय में ऋषि-मुनि अपनी आत्मशक्ति को जागृत कर अलौकिक ऊर्जा को प्राप्त करते थे, उसी तरह हम सबको उनका अनुसरण करने की आवश्यकता है। इस दौरान मंत्री श्री देवांगन ने योग को जीवन का हिस्सा बनाने तथा नशा मुक्त भारत का निर्माण करने का संकल्प भी दिलाया।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक आशाराम नेताम ने लोगों को योग के महत्व के बारे में बताते हुए नियमित रूप से योग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि योग हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और प्रत्येक व्यक्ति को इसे अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। विधायक नेताम ने कहा कि योग के नियमित अभ्यास से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है तथा व्यक्ति स्वस्थ और निरोग जीवन जी सकता है।

उन्होंने सभी नागरिकों से प्रतिदिन योग करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखने के लिए योग सबसे प्रभावी माध्यम है। योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा भी प्रदान करता है। कार्यक्रम को महेश जैने ने भी संबोधित किया तथा लोगों को योग को अपने दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवसः योग को जीवनशैली में शामिल करें - राज्यपाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेकाराज्यपाल रमेन डेका इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित योग शिविर में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। राज्यपाल ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का वाचन किया एवं सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया।



अपने संबोधन में राज्यपाल ने बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि यह हर्ष का विषय है कि पूरा छत्तीसगढ़ इस ऐतिहासिक अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास के माध्यम से स्वास्थ्य, संतुलन और सकारात्मकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचा रहा है। उन्होंने समस्त प्रदेशवासियों के स्वस्थ, सुखी और समृद्ध रहने की कामना की।

श्री डेका ने प्रदेशवासियों से कहा कि योग को जीवनशैली में शामिल करें, प्रतिदिन योगाभ्यास की आदत बनाए और बच्चों को भी इसकी आदत डाले जिससे उनका शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और वे भविष्य में देश के अच्छे नागरिक बनेंगे। उन्होंने कहा कि योग केवल शरीर को ही नहीं बल्कि मन और भावनाओं को सुदृढ़ बनाकर व्यक्ति के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इस अवसर पर डेका ने विश्वविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। योगाभ्यास कार्यक्रम में विधायकगण सर्वश्री पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा, सुनील सोनी एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव विकास शील, पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम, राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना, पुलिस कमिश्नर रायपुर संजीव शुक्ला, रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं, छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश की 33 जेलों में हज़ारों कैदियों द्वारा हर्षोल्लास से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश की सभी 33 जेलों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्सवपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर केंद्रीय जेल, रायपुर में मुख्य अतिथि के रूप में जेल डीजी हिमांशु गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी की पहल से आज पूरा विश्व योग के रंग में रंगा हुआ है। हम सभी इस महान भारतीय परंपरा का हिस्सा बन रहे हैं। वास्तव में योग का अर्थ अपने शरीर को अपने मन से जोड़ना, अपनी सांसों को अपनी आत्मा से जोड़ना, और खुद को एक सकारात्मक ऊर्जा से जोड़ना है।



श्री गुप्ता ने कहा कि योग एक ऐसी प्राचीन भारतीय पद्धति है, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन बनाने में मदद करती है। योग केवल एक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने का एक माध्यम है। यह तनाव को कम करने, एकाग्रता बढ़ाने और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में मदद करता है।

केन्द्रीय जेल रायपुर में विशेष योग शिविर का आयोजन भव्य रूप से किया गया। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय जेल रायपुर के पुरूष प्रकोष्ठ में 500 बंदियों ने एवं महिला प्रकोष्ठ में 150 महिला बंदियों ने भाग लिया। योग सत्र में आर्ट ऑफ लिविंग के अनुभवी योग प्रशिक्षण अनिल अग्रवाल एवं उनके सहयोगियों द्वारा विभिन्न योग आसनों, प्राणयाम तथा ध्यान की तकनीकों का अभ्यास कराया गया। इस विशेष आयोजन का उद्देश्य बंदियों को मानसिक तनाव, नकारात्मक विचार, अवसाद जैसी समस्यों से मुक्ति दिला कर उनमें आत्माविश्वास, संयम, आत्म-नियंत्रण एवं जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना था। योग शिविर में ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, पवनमुक्तासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, ध्यान आदि कियाओं को अभ्यास कराया गया।

योग प्रशिक्षकों द्वारा इन योगासनों के मानसिक एवं शारीरिक लाभ को बताया गया। इस अवसर पर योगेश सिंह क्षत्री (जेल अधीक्षक) एवं आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के प्रशिक्षक भी उपस्थित थे।

# हीरानार छात्रावास पहुंचे मंत्री केदार कश्यप, विद्यार्थियों का बढ़ाया हौसला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा दंतेवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने विकासखंड गीदम स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक आवासीय विद्यालय एवं छात्रावास, हीरानार का दौरा कर विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षा, अनुशासन, संस्कार और व्यक्तित्व विकास के महत्व पर प्रकाश डाला।



विद्यार्थियों से मंत्री कश्यप ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए मन लगाकर पढ़ाई करना और बड़े लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है। उन्होंने बच्चों से निरंतर सीखने, मेहनत करने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

संवाद के दौरान मंत्री कश्यप ने विद्यार्थियों से हल्बी और गोंडी भाषा के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को अपनी मातृभाषा, स्थानीय संस्कृति और परंपराओं पर गर्व करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि अपनी जड़ों से जुड़े रहना ही सच्ची पहचान है। वन मंत्री श्री कश्यप ने विद्यार्थियों से सामान्य ज्ञान से जुड़े प्रश्न पूछे तथा देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री के बारे में जानकारी ली। उन्होंने योग के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ और मन एकाग्र रहता है, जिससे पढ़ाई में बेहतर परिणाम प्राप्त होते हैं।

मंत्री कश्यप ने कहा कि छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों और व्यक्तित्व विकास कार्यक्रमों में भी सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि अगली बार उनके आगमन पर विद्यार्थी गीत, भजन, देशभक्ति गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें।

मंत्री कश्यप ने कहा कि दंतेवाड़ा जिला प्राकृतिक, सांस्कृतिक और धार्मिक दृष्टि से समृद्ध है। विद्यार्थियों को जिले के प्रमुख स्थलों का भ्रमण कर उनके महत्व को समझना चाहिए। उन्होंने मां दंतेश्वरी मंदिर, साइंस सेंटर, वन मंदिर और अन्य दर्शनीय स्थलों का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे स्थान बच्चों में ज्ञान, वैज्ञानिक सोच और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करते हैं।

मंत्री कश्यप ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों को जीवन का आधार बनाने की सीख दी। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही भविष्य के जिम्मेदार नागरिक और राष्ट्र निर्माता हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हीरानार के विद्यार्थी शिक्षा, खेल, संस्कृति और नैतिक मूल्यों के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

इस अवसर पर विधायक चैतराम अटामी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन में सफलता की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने बच्चों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और अच्छे संस्कार अपनाने की प्रेरणा दी तथा अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि संतोष गुप्ता, वनमंडलाधिकारी (डीएफओ) रामकृष्णा रंगानाथा वाय सहित अन्य जनप्रतिनिधि, विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने प्रभारी मंत्री के प्रेरणादायी संवाद के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

### विधानसभा अध्यक्ष ने मल्लखंब प्रदर्शन की सराहना की, बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप स्वेच्छानुदान मद से 51 हजार रूपए प्रदान करने की घोषणा

# योग स्वस्थ, संतुलित और सार्थक जीवन का मार्ग - डॉ. रमन सिंह

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम में शामिल हुएअंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अभूतपूर्व उमंग एवं उल्लास के माहौल में स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में किया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम में शामिल हुए।




उन्होंने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सभी के स्वस्थ और निरोग जीवन की कामना की। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति और प्राचीन ज्ञान परंपरा की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने सभी नागरिकों से इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि योग केवल एक वार्षिक आयोजन नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और सार्थक जीवन का मार्ग है। उन्होंने बताया कि वे स्वयं प्रतिदिन योग करते हैं तथा हाल ही में हुई सर्जरी के कारण कार्यक्रम में योगाभ्यास नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से वे शीघ्र ही पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर अगले वर्ष योगाभ्यास में शामिल होंगे।


उन्होंने अबूझमाड़ से आए बच्चों द्वारा प्रस्तुत मल्लखंब प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि इन बच्चों ने अद्भुत संतुलन और कौशल का परिचय दिया है। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप स्वेच्छानुदान मद से 51 हजार रूपए प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि योग में केवल शारीरिक अभ्यास नहीं है। योग मन को स्थिर करता है और सर्वोच्च स्थान पर पहुंचाता है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संयुक्त राष्ट्र महासभा में किए गए प्रस्ताव के बाद आज योग विश्व के 177 से अधिक देशों तक पहुंच चुका है।

उन्होंने कहा कि योग भारत की उस परंपरा का प्रतीक है जो पूरी दुनिया को एक साथ जोडऩे का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि योग मन, शरीर और आत्मा का समन्वय है। योग व्यक्ति को प्रकृति, समाज और ईश्वर से जोडऩे का माध्यम है। उन्होंने नागरिकों से केवल 21 जून को ही नहीं, बल्कि पूरे वर्ष नियमित रूप से योग करने का संकल्प लेने का आग्रह किया।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि योग व्यक्ति को स्वयं को समझने, आत्मचिंतन करने और जीवन को सकारात्मक दिशा देने की प्रेरणा देता है। आज के समय में जब लोग बाहरी दुनिया और परिस्थितियों पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं, योग हमें अपने भीतर झांकने और स्वयं को बेहतर बनाने का अवसर प्रदान करता है। कलेक्टर ने कहा कि स्वयं की सेवा और आत्मविकास ही समाज सेवा की मजबूत आधारशिला है, क्योंकि जब व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होता है, तभी वह दूसरों की बेहतर सेवा कर सकता है। उन्होंने कहा कि योग जीवन का अभिन्न हिस्सा है और सभी नागरिकों से इसे नियमित दिनचर्या में शामिल करना चाहिए।

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

GST NO. 22AHMPB9621P1Z2
PH.: 0788-4060131

अनुप ट्रेडर्स
आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
लिंक रोड, कैम्प 2, पावर हाउस, भिलाई
मो. 09826389666, 8839749539

# फीफा वर्ल्ड कप में परफॉर्मेंस के बाद नोरा फतेही ने कहा मैं खुशकिस्मत रही कि मुझे करियर में यादगार पल मिले



**बॉलीवुड की डांसिंग दिवा नोरा फतेही ने कहा है कि वह खुशकिस्मत हैं कि उन्हें अपने करियर में कई यादगार पल देखने को मिले। फिर भी, फीफा वर्ल्ड कप में परफॉर्म करने जैसी बड़ी कामयाबी का जश्न अपने करीबी लोगों के साथ मनाने के इमोशनल अनुभव से किसी चीज की तुलना नहीं की जा सकती। नोरा ने टोरंटो में दूसरे फीफा वर्ल्ड कप ओपनिंग सेरेमनी की कई तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उनकी बहन, मां, भाई, हाई-स्कूल टीचर और दोस्त शामिल थे।**

मोरक्कन मूल की इस एक्ट्रेस ने वहां परफॉर्म किया था। उन्होंने कैप्शन में लिखा, मैं आप लोगों के साथ यह शेयर करना चाहती थी। मैं एक दशक से ज़्यादा समय से परफॉर्म कर रही हूं, मैं खुशकिस्मत रही हूं कि मुझे अपने करियर में कई बड़े पल मिले और मैंने उन्हें अपने कुछ पसंदीदा लोगों के साथ शेयर किया है!

34 साल की डांसिंग दिवा ने कहा कि एक दशक से अधिक समय तक परफॉर्म करने के बाद, यह पहली बार था जब उनकी मां, भाई-बहन, बचपन के दोस्त, करीबी दोस्त और यहां तक कि उनके हाई-स्कूल के टीचर भी उन्हें लाइव परफॉर्म करते हुए देखने के लिए एक साथ आए थे।

नोरा फतेही ने कहा, मेरा पूरा परिवार और मेरे करीबी लोग कभी भी एक साथ नहीं थे। यह पहली बार था जब मैंने अपनी परफॉर्मेंस खत्म की और अपने सभी करीबी लोगों को मुझे गले लगाने के लिए एक साथ इंतजार करते हुए पाया! यह सच में मेरे लिए एक इमोशनल पल था। मैं हमेशा अकेले काम पर जाती हूं और परफॉर्मेंस खत्म होने के बाद घर चली जाती हूं, लेकिन इस बार कुछ अलग था। मेरे करीबी लोग पहली बार मुझे लाइव देखने के लिए इकट्ठा हुए और पहली बार मेरे साथ जश्न मनाया।

नोरा ने कहा, मैंने इस पल के लिए अपनी पूरी जिंदगी मेहनत की है। इस एहसास को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। मेरी बहन, मेरी मां और मेरा भाई पहली बार वहां मौजूद थे! मेरे हाई-स्कूल टीचर, जो मेरे बहुत करीबी हैं, भी वहां मौजूद थे! मेरे बचपन के दोस्त और आज के करीबी दोस्त भी वहां थे! कुछ लोग ऐसे भी हैं जिनके वहाँ होने की मुझे चाहत थी, लेकिन मैं बहुत खुश और शुक्रगुजार हूं।

# चेतना पांडे हॉरर फिल्म हॉन्टेड-3डी में मचा रहीं धमाल, रियल लाइफ में हैं बेहद ग्लैमरस



हॉरर फिल्म हॉन्टेड 3डी रिलीज के बाद से ही सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं। इसके साथ ही फिल्म की एक्ट्रेस चेतना पांडे भी खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। फिल्म में अपने किरदार से दर्शकों का ध्यान खींचने वाली चेतना रियल लाइफ में बेहद ग्लैमरस और स्टाइलिश हैं। आइए जानते हैं आखिर कौन हैं चेतना पांडे।

चेतना पांडे ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत 2013 की फिल्म आई डोंट लव यू से की थी। इसके बाद वो शाहरुख खान और काजोल की सुपरहिट फिल्म दिलवाले (2015) में जेनी के किरदार और मुन्ना माइकल (2017) में भी काम कर चुकी हैं। फिल्मों के अलावा, चेतना एमटीवी के ऐस ऑफ स्पेस (सीजऩ 1) और कलर्स टीवी के रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 12 में भी एक कंटेस्टेंट के रूप में नजर आ चुकी हैं।

वो क्लास ऑफ 2020 और होम जैसी पॉपुलर वेब सीरीज में भी अभिनय कर चुकी हैं। चेतना पांडे की सोशल मीडिया पर तगड़ी फैन फॉलोइंग है। इंस्टाग्राम पर उन्हें 2.5 मिलियन लोग फॉलो करते हैं। चेतना पांडे रियल लाइफ में बेहद ग्लैमरस हैं। चेतना पांडे इन दिनों विक्रम भट्ट की हॉरर फिल्म हॉन्टेड 3डी: इकोज़ ऑफ द पास्ट में सुनहरी के किरदार में नज़र आ रही हैं। हॉन्टेड 3डी: इकोज़ ऑफ द पास्ट बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई कर रही है। फिल्म ने अब तक, सैकनिल्क के मुताबिक, 16.41 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है।

## कैप्टन इंडिया से देशभक्ति का संदेश देने आएंगे कार्तिक आर्यन, आई रिलीज तारीख




कार्तिक आर्यन के फैंस के लिए साल 2027 काफी खास होने वाला है। एक तरफ करण जौहर के साथ उनकी चर्चित फिल्म नागजिला वैलेंटाइन सप्ताह में दर्शकों का दिल जीतने आएगी। वहीं दूसरी तरफअभिनेता की बहुप्रतीक्षित फिल्म कैप्टन इंडिया पर एक बड़ी खुशखबरी आ गई है। बता दें, इस फिल्म का ऐलान 5 साल पहले किया गया था और तब से फैंस इसपर अपडेट पाने के लिए उत्साहित थे। आखिरकार निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज तारीख बता दी है।

चक दे! इंडिया और रॉकेट सिंह: सेल्समैन ऑफद ईयर जैसी फिल्मों के लिए मशहूर शिमित अमीन ने कैप्टन इंडिया के निर्देशन की जिम्मेदारी उठाई है। फिल्म की रिलीज तारीख तय हो गई है और यह 13 अगस्त, 2027 को स्वतंत्रता दिवस सप्ताहांत में रिलीज होगी। इसे टी-सीरीज और बावेजा स्टूडियो द्वारा मिडनाइट चाय फिल्म्स लिमिटेड के सहयोग से प्रस्तुत किया गया है।

## मेकअप के लिए जरूरी हैं ये 5 टूल्स, हर महिला की किट में होने चाहिए शामिल

**मेकअप करने के लिए सिर्फ सही सामान का होना ही काफी नहीं है, बल्कि उन्हें सही तरीके से लगाने के लिए सही टूल्स का होना भी जरूरी है, खासकर अगर आप मेकअप के लिए नए हैं तो आपको यह समझना होगा कि कौन सा टूल कब और कैसे इस्तेमाल किया जाता है। आइए आज हम आपको 5 ऐसे मेकअप टूल्स के बारे में बताते हैं, जो हर महिला के पास होने चाहिए।**

### मेकअप ब्रश सेट

मेकअप ब्रश सेट आपके चेहरे पर सामान को सही तरीके से लगाने में मदद करता है। इसमें फाउंडेशन, गालों पर रंग, आंखों के लिए शेड और होंठों के लिए अलग-अलग ब्रश होते हैं, जिनका इस्तेमाल करके आप अपने मेकअप को बेहतरीन बना सकते हैं। सही ब्रश का चयन और उपयोग आपके लुक को निखारने में अहम भूमिका निभाता है। अच्छे मेकअप ब्रश सेट से आप आसानी से और प्रभावी ढंग से मेकअप कर सकते हैं।

### ब्लेंडर

ब्लेंडर एक ऐसा टूल है, जो फाउंडेशन और कंसीलर को चेहरे पर समान रूप से फैलाने में मदद करता है। इससे आपका मेकअप न केवल प्राकृतिक दिखता है बल्कि लंबे समय तक टिकता भी है। ब्लेंडर का सही उपयोग करने से आपका चेहरा तरोताजा और निखरा हुआ लगेगा। इसे गीला करके इस्तेमाल करने से यह त्वचा में बेहतर समाहित होता है और एक स्मूद फिनिश देता है, जिससे आपका लुक और भी आकर्षक बनता है।

### आईलैश कर्लर

आईलैश कर्लर आपकी पलकों को घुमावदार बनाने के लिए इस्तेमाल होता है। इससे आपकी आंखें बड़ी और आकर्षक दिखती हैं। इसे इस्तेमाल करना बहुत आसान है, बस इसे अपनी पलक पर हल्के हाथों से दबाएं और झपकाएं। आईलैश कर्लर का सही उपयोग करने से आपकी आंखें खुली और जागती हुई दिखती हैं, जिससे आपका पूरा लुक और भी खास बनता है। यह टूल आपके मेकअप रूटीन का एक अहम हिस्सा हो सकता है।

### आईब्रो पेंसिल

आईब्रो पेंसिल का उपयोग करके आप अपनी भौहों को आकार दे सकते हैं और उन्हें भर सकते हैं। सही आईब्रो आकार आपके चेहरे को फ्रेम करता है और आपकी आंखों को और भी आकर्षक बनाता है। आईब्रो पेंसिल का चयन करते समय ध्यान रखें कि वह आपकी बालों के रंग से मेल खाती हो ताकि आपका लुक प्राकृतिक लगे। इसे हल्के हाथों से लगाएं और जरूरत पडने़ पर ब्रश की मदद से नरम करें।



### होंठों के लिए ब्रश

होंठों के लिए ब्रश का उपयोग करके आप अपने होंठों पर लिपस्टिक या लिप ग्लॉस लगाते समय सटीकता प्राप्त कर सकते हैं। यह टूल खासकर तब उपयोगी होता है जब आप गहरे रंग की लिपस्टिक लगा रहे हों क्योंकि इससे आपको होंठों की सीमाएं साफ दिखती हैं। होंठों के लिए ब्रश का सही उपयोग करके आपके होंठ लंबे समय तक खूबसूरत बने रहते हैं और आपका पूरा लुक और भी खास बनता है।

# मेडिटेशन के दौरान न करें ये गलतियां करने से नहीं मिलेगा लाभ

**मेडिटेशन एक ऐसी प्रक्रिया है, जो हमें मानसिक शांति और आंतरिक शांति प्रदान करती है। हालांकि, कई लोग मेडिटेशन करते समय कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जिनसे उन्हें पूरा लाभ नहीं मिल पाता। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी सामान्य गलतियों के बारे में बताएंगे, जिन्हें मेडिटेशन करते समय करने से बचना चाहिए ताकि आप अपने मेडिटेशन सत्रों का पूरा लाभ उठा सकें और मानसिक शांति प्राप्त कर सकें।**



### सही जगह का चयन न करना

मेडिटेशन करते समय सही जगह का चयन करना बहुत जरूरी है। ऐसी जगह चुनें जहां शांति हो और कोई बाहरी शोर-गुल न हो। अगर आप किसी व्यस्त जगह पर मेडिटेशन करेंगे तो आपका ध्यान भंग होगा। इसके अलावा ऐसी जगह चुनें जहां आपको आरामदायक महसूस हो और आपको कोई परेशानी न हो। सही माहौल में मेडिटेशन करने से आपकी मानसिक शांति बढ़ेगी और आप अधिक प्रभावी ढंग से मेडिटेशन कर पाएंगे।

### समय का ध्यान न रखना

मेडिटेशन करते समय समय का ध्यान रखना भी जरूरी है। अगर आप जल्दी में हैं या समय की कमी महसूस कर रहे हैं तो आपका ध्यान भंग होगा और आप पूरी तरह से ध्यान में नहीं लग पाएंगे। इसलिए एक निश्चित समय तय करें और उसी दौरान मेडिटेशन करें ताकि आप पूरी तरह से इस प्रक्रिया में शामिल हो सकें। इससे आपका मानसिक शांति और आंतरिक शांति प्राप्त करने का अनुभव बेहतर होगा।

### सही मुद्रा न अपनाना

मेडिटेशन करते समय सही तरह से बैठना बहुत जरूरी है। अगर आपकी मुद्रा सही नहीं होगी तो इससे आपकी पीठ में दर्द हो सकता है या शरीर में अकडऩ आ सकती है, जिससे आपका ध्यान भंग होगा। इसलिए मेडिटेशन करते समय बैठने की सही मुद्रा अपनाएं और सुनिश्चित करें कि आपका शरीर आरामदायक स्थिति में हो ताकि मानसिक शांति प्राप्त कर सकें। सही मुद्रा से आपका मेडिटेशन अधिक प्रभावी ढंग से होगा।

### सांसों पर ध्यान न देना

मेडिटेशन करते समय सांसों पर ध्यान देना बहुत अहम होता है। अगर आप अपनी सांसों की गति पर ध्यान नहीं देंगे तो आपका मन भटक सकता है। इसलिए मेडिटेशन करते समय अपनी सांसों की गहराई और नियमितता पर ध्यान दें ताकि आपका मन स्थिर रहे और आप मानसिक शांति प्राप्त कर सकें। इससे आपकी ध्यान प्रक्रिया अधिक प्रभावी होगी और आप बेहतर अनुभव कर सकेंगे।

### मोबाइल फोन का उपयोग करना

आजकल मोबाइल फोन हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन गया है, लेकिन मेडिटेशन करते समय इसका उपयोग करना सही नहीं है। मोबाइल फोन से आने वाली कॉल्स या संदेशों से आपका ध्यान भंग होगा। इसलिए मेडिटेशन करते समय मोबाइल फोन को दूर रखें या इसे साइलेंट मोड पर रख दें ताकि आपका ध्यान स्थिर रहे और आप मानसिक शांति प्राप्त कर सकें।

## आखिरकार सामने आई 'टॉक्सिक' की रिलीज डेट, इस दिन सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म



साउथ स्टार यश और कियारा आडवाणी की मच अवेटेड फिल्म 'टॉक्सिक' कई महीनों से पोस्टपोन हो रही थी। अब मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट का खुलासा कर दिया है। जिसके बाद से फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है।

### इस दिन रिलीज होगी फिल्म

केवीएन प्रोडक्शंस ने यश और कियारा की आने वाली फिल्म 'टॉक्सिक' की रिलीज डेट अनाउंसमेंट कर दी है। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी है। बता दें कि फिल्म अब 26 अगस्त 2026 को दुनियाभर में रिलीज होगी। इस पोस्ट के बाद फैंस अब फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### लव स्टोरी है 'टॉक्सिक'

'टॉक्सिक' को एक लव स्टोरी बताते हुए यश ने कहा था कि यह एक प्रेम कहानी है। इसमें एक गहरी प्रेम कहानी छिपी है। यह पिता-पुत्र के बदले की गाथा है। कच्ची भावनाओं और परतदार कहानी कहने का यही मिश्रण फिल्म को अलग बनाता है, जो भव्यता और गहराई दोनों का वादा करती है। इससे पहले यश ने 'टॉक्सिक' की तुलना ऑस्कर विजेता फिल्म सिनर्स से भी की थी।

### फिल्म की स्टारकास्ट

बता दें कि केवीएन प्रोडक्शंस और मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के बैनर तले बनी फिल्म 'टॉक्सिक ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन अप्स' में यश, नयनतारा, हुमा कुरैशी, रुक्मिणी वसंत और तारा सुतारिया भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म पहले 4 जून 2026 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसे टाल दिया गया। अब फिल्म 26 अगस्त को रिलीज होगी।

# सबसे तेज भुगतान कर भोरमदेव शक्कर कारखाने ने रचा इतिहास

श्रीकंचनपथ समाचार

रायपुर। देश के सहकारी शक्कर उद्योग में छत्तीसगढ़ के कवर्धा (कबीरधाम) स्थित भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाने ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। लगातार दूसरे वर्ष यह कारखाना पूरे देश में गन्ना किसानों को समर्थन मूल्य और अतिरिक्त रिकवरी राशि का शत-प्रतिशत भुगतान जून महीने में ही पूरा करने वाला पहला शक्कर कारखाना बन गया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की उपस्थिति में गन्ना किसानों के खातों में 29.83 करोड़ रुपए की अंतिम किस्त सीधे ट्रांसफर की गई। उप मुख्यमंत्री ने इस मौके पर किसानों को चेक भी वितरित किए।

## गन्ना किसानों को जून में ही शत-प्रतिशत भुगतान



गन्ना किसानों को भुगतान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि यह समयबद्ध भुगतान केवल एक वित्तीय लेन-देन नहीं, बल्कि किसानों के विश्वास और सहकारी मॉडल की बड़ी सफलता है। उन्होंने कहा कि भोरमदेव शक्कर कारखाना किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि किसानों का अपना कारखाना है। निजी व्यवस्था में लाभ सीमित लोगों तक पहुंचता है, जबकि सहकारिता का लाभांश सभी हितधारकों में समान रूप से वितरित होता है। यह मॉडल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का सबसे प्रभावी जरिया है।

श्री शर्मा ने अपने गुजरात प्रवास के दौरान बनासकांठा सहकारी मॉडल के अध्ययन का जिक्र करते हुए कहा कि वहां की सफलता का आधार भी किसानों की सक्रिय भागीदारी ही है।

भोरमदेव शक्कर कारखाना के चेयरमैन एवं कबीरधाम कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में इस सत्र में रिकॉर्ड भुगतान सुनिश्चित किया गया है। भुगतान के मुख्य आंकड़े में किसानों के खातों में आज 6.91 करोड़ रुपए की शेष एफआरपी राशि और 22.92 करोड़ रुपए की अतिरिक्त रिकवरी राशि सहित कुल 29.83 करोड़ रुपए एकमुश्त राशि किसानों के खातों में अंतरित किए गए। सत्र 2025-26 का कुल भुगतान इस चालू सत्र में कारखाने द्वारा अब तक कुल 107.10 करोड़ रुपए (84.18 करोड़ रुपए एफआरपी .22.92 करोड़ रुपए अतिरिक्त रिकवरी) का शत-प्रतिशत भुगतान किया जा चुका है।

उप मुख्यमंत्री ने किसानों से उन्नत कृषि तकनीक अपनाने और गन्ने का रकबा बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष 6 हजार से अधिक किसानों ने कारखाने से अनुबंध किया था, जिसे इस वर्ष बढ़ाकर 10 हजार किसान करने का लक्ष्य है। साथ ही कारखाने में 4 लाख मीट्रिक टन से अधिक गन्ना क्रशिंग का लक्ष्य रखा गया है। किसानों की मांग पर बोनस राशि बढ़ाने के संबंध में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष यह विषय रखा गया है और इस पर सकारात्मक प्रयास किए जाएंगे।

इस गरिमामय कार्यक्रम में कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, पुलिस जवाबदेही प्राधिकरण के सदस्य भगत पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी सहित भारी संख्या में प्रगतिशील किसान और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### दो वर्षों में हासिल कीं कई बड़ी उपलब्धियां

भोरमदेव शक्कर कारखाना पूरे देश में सर्वाधिक शुगर रिकवरी देने वाले कारखानों में शुमार है। पिछले दो वर्षों की प्रमुख उपलब्धियां में शुगर रिकवरी लगातार तीसरे वर्ष 12 प्रतिशत से अधिक (वर्तमान में 12.09 :) की शानदार शुगर रिकवरी दर्ज की गई। किसानों के लिए बलराम सदन कृषक प्रतीक्षालय का निर्माण, मिट्टी परीक्षण सुविधा, प्रेसमड वितरण और रियायती दर पर शक्कर का वितरण किया जा रहा है। लगभग 2,000 एकड़ क्षेत्र में उन्नत गन्ना बीज और सीडलिंग की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। कारखाना परिसर में शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना कैंटीन के माध्यम से श्रमिकों को मात्र 5 रुपए में भरपेट भोजन दिया जा रहा है।

## खास खबर



### भावना बोहरा संग सैकड़ों लोगों ने किया सामूहिक योग

**कवर्धा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के वनांचल ग्राम भैंसाओदार में पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा स्वस्थ आयु के लिए योग विषय पर भव्य सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया किया। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ एवं निरोग जीवनशैली को जन-जन तक पहुंचाना रहा। इस दौरान वनांचल क्षेत्र सहित पंडरिया विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों से आये सैकड़ों की संख्या में लोगों ने एक साथ सामूहिक योग कर स्वस्थ जीवन शौली हेतु योगाभ्यास को अपनी दिनचर्या में शामिल करने और स्वस्थ्य भारत के निर्माण में सहभागिता निभाने का सन्देश दिया। कार्यक्रम में सामूहिक योगाभ्यास के साथ-साथ बस्तर के सुदूर वनांचल से निकलकर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मल्लखंब योग को नई पहचान दिलाने वाले तथा इंडिया गॉट टैलेंट की विजेता अबूझमाड़ मल्लखंब टीम द्वारा मल्लखंब योग की विशेष प्रस्तुति दी गई। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी के अथक प्रयासों एवं दूरदर्शी नेतृत्व के कारण भारतीय योग परंपरा को वैश्विक पहचान मिली।

### बेहतर खेती, बेहतर भविष्य, नैनो तकनीक अपना रहे किसान

**कोरबा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने तथा खेती को अधिक लाभकारी, किफायती और टिकाऊ बनाने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। किसानों को वैज्ञानिक कृषि पद्धतियां अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त हो सके और उनकी आय में वृद्धि हो। इसी दिशा में नैनो डीएपी और नैनो यूरिया जैसे उन्नत कृषि नवाचार किसानों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। किसानों के बीच इन उर्वरकों की बढ़ती स्वीकार्यता आधुनिक कृषि नवाचारों के प्रति बढ़ते विश्वास को भी दर्शाती है। कोरबा जिले के ग्राम बाता निवासी कृषक ब्रजेश कुमार रात्रे नैनो उर्वरकों के सफल उपयोग का एक प्रेरणादायक उदाहरण हैं। छोटे कृषक रात्रे लगभग एक एकड़ भूमि में धान की खेती करते हैं। खरीफ सीजन की तैयारियों के तहत वे आवश्यक कृषि आदान सामग्री प्राप्त करने सहकारी समिति कनबेरी पहुंचे, जहां से उन्होंने नैनो डीएपी और नैनो यूरिया प्राप्त किया। श्री रात्रे ने बताया कि उन्होंने पिछले वर्ष पहली बार अपनी फसल में नैनो उर्वरकों का उपयोग किया था। इसके परिणाम उत्साहजनक रहे, जिससे फसल की वृद्धि बेहतर हुई और उत्पादन में भी सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला।

# योग को बनाएं जीवनशैली का हिस्सा, स्वस्थ एवं समृद्ध राष्ट्र निर्माण में निभाएं भूमिकाः अजय चंद्राकर

## हजारों लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास, योग एवं नशामुक्त जीवन अपनाने का लिया संकल्प

श्रीकंचनपथ समाचार

**रायपुर।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर धमतरी जिला मुख्यालय स्थित हरदिहा साहू समाज भवन, रत्नाबांधा रोड में जिला स्तरीय भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर से बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सामूहिक योगाभ्यास किया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि योग भारत की प्राचीन ऋ षि परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का अमूल्य उपहार है, जिसने पूरे विश्व को स्वास्थ्य एवं संतुलित जीवन का मार्ग दिखाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सतत प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है और आज करोड़ों लोग इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना रहे हैं। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के समन्वय का विज्ञान है। उन्होंने सभी नागरिकों से प्रतिदिन योग करने तथा इसे जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि योग स्वस्थ, सक्रिय और सकारात्मक जीवन का आधार है। नियमित योगाभ्यास व्यक्ति की कार्यक्षमता बढ़ाने के साथ-साथ तनावमुक्त जीवन जीने में भी सहायक है। पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि योग भारतीय सनातन संस्कृति की अनुपम देन है, जो मानव जीवन में संतुलन, अनुशासन और आत्मिक शांति स्थापित करती है।

योग प्रशिक्षक सुश्री रेवती नेताम के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, वज्रासन, पवनमुक्तासन, अर्धचक्रासन एवं शवासन सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। साथ ही अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी एवं ध्यान की क्रियाओं के माध्यम से मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व को समझा। योगाभ्यास के दौरान पूरे परिसर में उत्साह, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण बना रहा।

## प्राकृतिक वातावरण में सरना एथनिक रिजॉर्ट के कर्मचारियों और पर्यटकों ने किया सामूहिक योगाभ्यास



श्रीकंचनपथ समाचार

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के सरना एथनिक रिजॉर्ट, जशपुर में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। प्रकृति की मनोरम छटा और शांत वातावरण के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में रिजॉर्ट के कर्मचारियों एवं पर्यटकों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए योग के महत्व को आत्मसात किया।

कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक योगाभ्यास से हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की क्रियाएं कर शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। हरियाली से आच्छादित प्राकृतिक परिवेश में योगाभ्यास करते हुए सभी प्रतिभागियों ने ऊर्जा, सकारात्मकता और आत्मिक शांति का अनुभव किया। योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने वाली एक प्राचीन भारतीय जीवन पद्धति है। नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को स्वस्थ, संतुलित और तनावमुक्त जीवन जीने की प्रेरणा देता है।

# उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में दिखी भारतीय विशाल उड़न गिलहरी, वन्यजीव संरक्षण की दिशा में बड़ी उपलब्धि

श्रीकंचनपथ समाचार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व से वन्यजीव प्रेमियों और प्रकृति संरक्षण के क्षेत्र में एक उत्साहजनक खबर सामने आई है। रिजर्व क्षेत्र में दुर्लभ वन्यजीव भारतीय विशाल उड़न गिलहरी (इंडियन जायंट फ्लाइंग स्क्रिरल) की मौजूदगी दर्ज की गई है। इस दुर्लभ प्रजाति का वीडियो भी कैमरे में कैद हुआ है, जिसने वन अधिकारियों, वन्यजीव विशेषज्ञों और प्रकृति प्रेमियों में उत्साह का संचार कर दिया है।



दिखी भारतीय विशाल उड़न गिलहरी, वन्यजीव संरक्षण की दिशा में बड़ी उपलब्धि

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में भारतीय विशाल उड़न गिलहरी अपनी अनोखी उड़ान क्षमता और निशाचर जीवनशैली के लिए जानी जाती है। यह प्रजाति पेड़ों के बीच फैली त्वचा की विशेष झिल्ली की सहायता से लंबी दूरी तक ग्लाइड कर सकती है। सामान्यतः यह घने और सुरक्षित वनों में निवास करती है, इसलिए इसकी उपस्थिति किसी भी वन क्षेत्र की समृद्ध जैव विविधता और स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण संकेत मानी जाती है।

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में इस दुर्लभ जीव का दिखाई देना इस बात का प्रमाण है कि यहां के वन क्षेत्र विभिन्न वन्यजीव प्रजातियों के लिए अनुकूल और सुरक्षित आवास प्रदान कर रहे हैं। वन विभाग द्वारा किए जा रहे संरक्षण और संवर्धन के प्रयासों का सकारात्मक परिणाम अब दुर्लभ जीवों की उपस्थिति के रूप में सामने आ रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार भारतीय विशाल उड़न गिलहरी मुख्य रूप से रात्रिचर प्राणी है और दिन के समय वृक्षों की खोखलों या घने पत्तों के बीच विश्राम करती है। इसकी गतिविधियों को देख पाना अत्यंत दुर्लभ माना जाता है। ऐसे में इसका वीडियो रिकॉर्ड होना वन्यजीव अध्ययन और संरक्षण की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व पहले से ही बाघ, तेंदुआ, भालू, जंगली कुत्ता, विभिन्न पक्षी प्रजातियों तथा दुर्लभ वनस्पतियों के लिए जाना जाता है। अब भारतीय विशाल उड़न गिलहरी की उपस्थिति ने इस संरक्षित क्षेत्र की जैव विविधता को और अधिक समृद्ध एवं विशिष्ट बना दिया है।

वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार की दुर्लभ प्रजातियों का संरक्षण न केवल प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए आवश्यक है, बल्कि पर्यावरणीय जागरूकता और प्रकृति पर्यटन को भी नई दिशा प्रदान करता है। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में भारतीय विशाल उड़न गिलहरी का दिखाई देना छत्तीसगढ़ की समृद्ध प्राकृतिक विरासत और सफल वन्यजीव संरक्षण प्रयासों का एक प्रेरणादायक उदाहरण है।

## बांस के ट्री गार्ड निर्माण से आत्मनिर्भर बनेंगी दीदियां

# 53 महिलाओं को मिला विशेष प्रशिक्षण, बढ़ेगी आय और मजबूत होगा पर्यावरण संरक्षण



श्रीकंचनपथ समाचार

रायपुर। बांस के उपयोग को बढ़ावा देने और इससे स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की आय के नए साधन अर्जित करने के लिए एक नवाचार के तहत महिलाओं को बांस से ट्री गार्ड निर्माण का विशेष प्रशिक्षण देकर सक्षम बनाया जा रहा है।

सुकमा जिले के तोंगपाल में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 14 स्व-सहायता समूहों की 53 महिलाओं को बांस से ट्री गार्ड निर्माण का विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

कलेक्टर अमित कुमार के निर्देशन तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकुन्द ठाकुर के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि करना है। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को बांस से ट्री गार्ड बनाने की तकनीक, डिजाइन और गुणवत्ता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। विशेषज्ञों ने बताया कि स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर कम लागत में टिकाऊ और उपयोगी ट्री गार्ड तैयार किए जा सकते हैं।

### महिलाओं को मिलेगा अतिरिक्त रोजगार और आय का अवसर

बांस से निर्मित ट्री गार्डों की बढ़ती मांग महिलाओं के लिए आय का नया स्रोत बनेगी। इससे स्व-सहायता समूहों की सदस्याएं अतिरिक्त आय अर्जित कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगी। यह पहल ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के साथ उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने में भी सहायक होगी।

### 'लखपति दीदी' अभियान को मिलेगा बढ़ावा

यह पहल केंद्र और राज्य सरकार की महिला सशक्तिकरण एवं आजीविका संवर्धन की योजनाओं के अनुरूप है। बांस आधारित आजीविका गतिविधियों से जुड़कर महिलाएं 'लखपति दीदी' अभियान के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ सकेंगी। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक भागीदारी भी बढ़ेगी।

### पौधों की सुरक्षा में निभाएंगे महत्वपूर्ण भूमिका

प्रशिक्षण के बाद स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार किए जाने वाले बांस के ट्री गार्डों का उपयोग राष्ट्रीय राजमार्गों, सार्वजनिक स्थलों एवं विभिन्न पौधारोपण स्थलों पर किया जाएगा। इससे पौधों को पशुओं और अन्य संभावित नुकसान से सुरक्षा मिलेगी तथा हरित आवरण बढ़ाने के प्रयासों को मजबूती मिलेगी।

### महिला सशक्तिकरण का प्रेरक उदाहरण

तोंगपाल में आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और सतत आजीविका को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल जिले की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ हरित एवं समृद्ध समाज के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी।

### दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना बनी सहारा

**कोरबा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा संचालित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों के लिए आर्थिक सुरक्षा का सशक्त माध्यम बन रही है। योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के बैंक खातों में प्रतिवर्ष 10 हजार रुपये की सहायता राशि सीधे अंतरित की जाती है, जिससे उनकी दैनिक जरूरतों की पूर्ति के साथ-साथ भविष्य की योजनाओं को भी नई दिशा मिल रही है। कोरबा जिले के ग्राम भुलसीडीह निवासी मनोज खूंटे इस योजना के लाभान्वित हितग्राही हैं। भूमिहीन होने के कारण उनकी आजीविका का मुख्य आधार मजदूरी कार्य था।
















## खास खबर

### मवेशी बचाने के प्रयास में नहर में गिरी बाइक एक युवक की मौत, दो गंभीर

**कोरबा।** जिले के राताखार इलाके में रविवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब सड़क पर अचानक मवेशी आ जाने से बाइक चालक संतुलन खो बैठा और बाइक नहर में जा गिरी। मृतक की पहचान 15 ब्लॉक पंप हाउस निवासी सुरेश चैहान के रूप में हुई है। वह अपने साथियों अर्जुन पटेल और विक्की के साथ रोज की तरह काम पर जा रहा था। तभी रास्ते में गाय को बचाने के प्रयास में यह हादसा हो गया। घटना के बाद 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने सुरेश को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का इलाज जारी है। घायलों के साथियों ने 108 एंबुलेंस के देर से पहुंचने पर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि समय पर मदद मिलती तो शायद जान बचाई जा सकती थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है और मवेशी मालिक की तलाश की जा रही है।

### जली हुई महिला की लाश का खुलासा, प्रेमी गिरफ्तार

**रायगढ़।** तमनार-पूंजीपथरा मार्ग पर 17 जून को मिली अधजली महिला की लाश की गुत्थी को पुलिस ने 72 घंटे में सुलझा लिया है। पुलिस ने हत्या के आरोप में जशपुर निवासी लिव-इन पार्टनर को गिरफ्तार किया है। चरित्र शंका और विवाद के बाद आरोपी ने अपनी साथी की साड़ी से गला घोंटकर हत्या की थी। पहचान छिपाने के लिए उसने शव पर पेट्रोल डालकर उसे जला दिया था। पुलिस के अनुसार, एनआर फेरो प्लांट में कार्यरत आरोपी इमिलीयूस तिग्गा की मुलाकात तीन महीने पहले मंगरिता एक्का से हुई थी। दोनों पूंजीपथरा की लक्ष्मी कॉलोनी में पति-पत्नी की तरह रहने लगे। इस बीच मंगरिता को आरोपी के किसी दूसरी महिला से संबंध होने का संदेह हुआ, जिससे अक्सर विवाद होने लगा। 17 जून को मंगरिता सामान लेकर घर जाने निकली, तो आरोपी भी उसके पीछे गया। रास्ते में महुआ पेड़ के नीचे दोनों ने शराब पी। वहां फिर विवाद हुआ, तो आरोपी ने साड़ी से मंगरिता का गला घोंट दिया। शाम को आरोपी पेट्रोल लाया और शव को क्रेशर डस्ट के पास घसीटकर ले गया, जहां आग लगा दी। एसएसपी शशि मोहन सिंह के निर्देशन में पुलिस ने सोशल मीडिया पर हुलिया प्रसारित किया। जशपुर से आए दो युवकों ने कपड़ों से शव की पहचान अपनी मां के रूप में की। इसके बाद पुलिस ने फरसाबहार से आरोपी को दबोच लिया।

### अवैध महुआ शराब बेचने वाला युवक गिरफ्तार

**बलौदाबाजार।** जिले में आम नागरिकों की शिकायतों और आपराधिक गतिविधियों पर त्वरित कार्रवाई के लिए संचालित समाधान सेल एक बार फिर प्रभावी साबित हुआ है। समाधान हेल्पलाइन पर प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने अवैध महुआ शराब की बिक्री कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक ओ.पी. शर्मा के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली की टीम ने ग्राम धनगांव में घेराबंदी कर आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा। कार्रवाई के दौरान आरोपी के कब्जे से 31 लीटर अवैध महुआ शराब तथा बिक्री से प्राप्त 300 रुपये नकद बरामद कर जब्त किए गए। गिरफ्तार आरोपी की पहचान हेमंत कुमार बंजारे (18 वर्ष) निवासी ग्राम धनगांव, थाना सिटी कोतवाली के रूप में हुई है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। उसे न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि अपने आसपास होने वाली संदिग्ध या आपराधिक गतिविधियों की सूचना निसंकोच समाधान हेल्पलाइन पर दें।

# युवक की सिर कुचलकर हत्याः डब्लूआरएस मैदान में मिली लाश, हाथ पर बने टैटू से पहचान की कोशिश में जुटी पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राजधानी रायपुर में रविवार और सोमवार की दरमियानी रात डब्लूआरएस कॉलोनी के एक खुले मैदान में एक युवक का सिर कुचला हुआ शव मिला। सोमवार सुबह स्थानीय लोगों ने मैदान में खून से लथपथ शव देखा, जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

शुरुआती जांच में पता चला है कि युवक के सिर और चेहरे पर किसी भारी पत्थर या ठोस वस्तु से वार किया गया है। घटनास्थल पर बड़ी मात्रा में खून मिला है, जिससे आशंका जताई जा रही है कि हत्या की गई है। मामला खमतराई थाना क्षेत्र का है।



### हाथ पर बने टैटू से पहचान की कोशिश

मृतक की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस को युवक के दाहिने हाथ पर 'आरके सारथी' नाम का टैटू मिला है। इसी आधार पर उसकी शिनाख्त करने की कोशिश की जा रही है। आसपास के थाना क्षेत्रों से गुमशुदा लोगों की जानकारी भी जुटाई जा रही है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए क्राइम ब्रांच, डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। विशेषज्ञों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि घटना के समय वहां आने-जाने वाले लोगों की पहचान की जा सके।

### हत्या के कारणों की जांच जारी

पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। शुरुआती तौर पर पुरानी रंजिश, आपसी विवाद या अन्य व्यक्तिगत कारणों को लेकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, पुलिस ने अभी किसी भी कारण की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने रात के समय गश्त और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाए हैं। फिलहाल खमतराई पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि मृतक की पहचान और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

## सूने मकान में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** दुर्ग पुलिस ने सूने मकान में चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए सोने के आभूषण और घटना में प्रयुक्त लोहे का रॉड बरामद किया है। मामले में एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार वैशाली नगर थाना क्षेत्र के केम्प-01 स्टील नगर निवासी बी. धनराजू ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 9 से 10 जून 2026 के बीच अज्ञात चोरों ने उनके सूने मकान का मुख्य दरवाजा और आलमारी का लॉक तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि संदेही सन्नी यादव चोरी के आभूषण बेचने की फिराक में इंदिरा चौक के पास घूम रहा है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात स्वीकार कर ली।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का रॉड, एक जोड़ी सोने के टॉप्स और एक सोने की अंगूठी बरामद की। बरामद मशरूका की कुल कीमत 39,900 रुपये आंकी गई है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान सन्नी यादव (20 वर्ष) निवासी अटल आवास, जवाहर नगर, वैशाली नगर, भिलाई के रूप में हुई है। उसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। वहीं, मामले में शामिल एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

दुर्ग पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि घर लंबे समय तक सूना छोड़ना हो तो इसकी सूचना पड़ोसियों और स्थानीय पुलिस को अवश्य दें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि चोरी जैसी घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

## कोरबा पुलिस की बड़ी कार्रवाईः मकान और टाटा मैजिक चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कोरबा पुलिस ने सजग कोरबा-सतर्क कोरबा अभियान के तहत चोरी के दो अलग-अलग मामलों का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी गए आभूषण और करीब 7 लाख रुपये कीमत का टाटा मैजिक वाहन बरामद कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पहले मामले में थाना उरगा क्षेत्र की रहने वाली संतोषी साहू ने 6 जून को शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोर उनके घर का ताला तोड़कर नगदी, आभूषण और अन्य सामान चोरी कर ले गए। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर युवराज कुमार कंवर (19 वर्ष) निवासी ग्राम लालमाटी को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया करीब 7.50 तोला चांदी का हाफ करधन सहित अन्य सामान बरामद किया गया, जिसकी कीमत लगभग 16 हजार रुपये बताई गई है।

दूसरे मामले में 20 जून को एक प्रार्थी ने अपनी टाटा मैजिक वाहन (क्रमांक सीजी 12 बीटी 2852) चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर करन भारद्वाज (20 वर्ष) निवासी नोन्दीरी, थाना करतला को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर वाहन चोरी करने की बात स्वीकार की। उसके कब्जे से चोरी की गई करीब 7 लाख रुपये कीमत की टाटा मैजिक बरामद कर ली गई। मामले में एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

थाना उरगा पुलिस ने दोनों मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की संपत्ति बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कोरबा पुलिस ने कहा है कि जिले में अपराध नियंत्रण और आमजन की सुरक्षा के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

## सरगुजा में भाई की हत्या का खुलासा नाबालिग समेत दो आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**सरगुजा।** सरगुजा जिले के लखनपुर थाना क्षेत्र में पूर्व रंजिश और आपसी विवाद के चलते युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने विधि से संघर्षरत एक बालक समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल ईंट-पत्थर और आरोपियों के घटना के समय पहने कपड़े भी जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार, 20 जून 2026 को लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अलगा बेन्दोपानी बेलदगी निवासी पांडे कोरवा (32) की हत्या की सूचना मिली थी। जांच में सामने आया कि मृतक के भाई श्रवण कोरवा और एक विधि से संघर्षरत बालक ने पुरानी रंजिश और आपसी विवाद के चलते उस पर हमला किया। आरोप है कि श्रवण कोरवा ने पहले मृतक की नाक दांत से काटी और फिर दोनों आरोपियों ने ईंट और पत्थर से उसके सिर एवं कान के पास गंभीर वार कर उसकी हत्या कर दी। घटना की सूचना पर लखनपुर थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 160/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) एवं 3(5) में मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस टीम ने तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण किया। एफएसएल टीम की मौजूदगी में पंचनामा कार्रवाई की गई और हत्या में प्रयुक्त ईंट-पत्थर बरामद किए गए। प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने फरार आरोपी श्रवण कोरवा (25) तथा विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लिया।

पूछताछ में दोनों ने पुरानी रंजिश के कारण मिलकर हत्या करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने घटना के समय पहने गए कपड़े भी जब्त कर लिए। इसके बाद नाबालिग को किशोर न्याय बोर्ड तथा बालिग आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने बताया कि इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक संपत पोटाई सहित थाना लखनपुर की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## झाड़-फूंक के बहाने एक माह के मासूम का अपहरण जशपुर पुलिस ने आरोपी महिला को किया गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में झाड़-फूंक के नाम पर एक माह के मासूम बच्चे का अपहरण करने वाली महिला को सिटी कोतवाली पुलिस ने बगीचा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बच्चे को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया है।



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश पाटनवार ने बताया कि बगीचा थाना क्षेत्र के ग्राम मरंगीपाठ की रहने वाली एक पहाड़ी कोरवा महिला अपने एक माह के बच्चे का इलाज कराने जिला अस्पताल जशपुर आई थी। अस्पताल में उसकी मुलाकात एक अज्ञात महिला से हुई। आरोपी महिला ने झाड़-फूंक के जरिए बच्चे को ठीक करने का झांसा देकर परिवार का विश्वास जीत लिया।

इसके बाद आरोपी महिला पूरे परिवार को जशपुर बस स्टैंड ले गई। वहां उसने पहले परिजनों को हड़िया पिलाई और फिर एक होटल में खाना खाने ले गई। इसी दौरान जब बच्चे के माता-पिता भोजन करने में व्यस्त थे, आरोपी महिला एक माह के मासूम को लेकर मौके से फरार हो गई।

बच्चे के लापता होने की सूचना मिलते ही परिजनों ने सिटी कोतवाली जशपुर में शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और बस स्टैंड सहित आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर पुलिस ने आरोपी महिला की पहचान कर उसे बगीचा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मासूम बच्चे को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। आरोपी महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**कोंडागांव।** थाना केशकाल पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने और गर्भवती होने के बाद उसे छोड़कर फरार होने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचने का प्रयास कर रहा था। पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने 19 जून 2026 को थाना केशकाल में रिपोर्ट दर्ज कराई कि अगस्त 2025 में ईश्वर नामक व्यक्ति उसे काम करने के लिए तमिलनाडु चलने का झांसा देकर गांव से जंगल की ओर ले गया। वहां उसने शादी करने और पत्नी बनाकर साथ रखने का वादा करते हुए उसकी इच्छा के विरुद्ध शारीरिक संबंध बनाए। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी ईश्वर जैन (38 वर्ष) को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

## किसान से 8.5 लाख की ठगीः 1.50 लाख का लोन का झांसा देकर लिया 10 लाख का कर्ज, आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज




**जगदलपुर।** बस्तर जिले के किसान के साथ धोखाधड़ी हो गई। आरोपी ने किसान को 1.50 लाख रुपए का लोन दिलाने का भरोसा दिया, लेकिन उसके नाम पर 10 लाख रुपए का किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) लोन मंजूर करा लिया। लोन की रकम में से किसान को सिर्फ 1.50 लाख रुपए दिए गए, जबकि बाकी 8.50 लाख रुपए आरोपी ने अपने पास रख लिए।

किसान को इस धोखाधड़ी की जानकारी तब हुई, जब बैंक से कर्ज चुकाने का नोटिस उसके पास पहुंचा। इसके बाद उसने मामले की शिकायत पुलिस से की। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसे जेल भेज दिया गया है। यह मामला नगरनार थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, ग्राम कुरंदी जामगुड़ा के गणपति बघेल (55) ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि उन्हें बैल खरीदने के लिए पैसों की जरूरत थी। इसी दौरान गांव के रहने वाले लकी सेठिया ने बैंक मैनेजर से दोस्ती होने का दावा करते हुए लोन दिलाने का भरोसा दिलाया।

आरोपी ने 8 सितंबर 2023 को किसान के आधार कार्ड, पैन कार्ड और जमीन के पट्टे के दस्तावेज लेकर आईसीआईसीआई बैंक, जगदलपुर में खाता खुलवाया और उसमें अपना मोबाइल नंबर लिंक करा दिया।

इसके बाद किसान की कृषि भूमि के आधार पर 10 लाख रुपए का केसीसी लोन स्वीकृत कराया गया, लेकिन किसान को सिर्फ 1.50 लाख रुपए का लोन पास होने की जानकारी दी गई। आरोपी ने एक लाख रुपए और बाद में 50 हजार रुपए नगद देकर बाकी 8.50 लाख रुपए फोन-पेय और चेकबुक के जरिए निकाल लिए। करीब तीन महीने बाद बैंक अधिकारियों ने किसान के घर पहुंचकर 10 लाख रुपए का बकाया लोन नहीं चुकाने पर जमीन नीलामी की चेतावनी दी। इसके बाद किसान को पता चला कि उसके नाम पर बड़ा लोन लेकर धोखाधड़ी की गई है।

एसपी शलभ कुमार सिन्हा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग और नगर पुलिस अधीक्षक सुमीत कुमार के निर्देशन में टीम गठित की गई। पुलिस ने आरोपी लकी सेठिया (40) निवासी ग्राम कुरंदी जामगुड़ा को गिरफ्तार कर पूछताछ की, जिसमें उसने अपराध स्वीकार कर लिया।

आरोपी के कब्जे से एक वीवो कंपनी का मोबाइल फोन और आईसीआईसीआई बैंक का एटीएम कार्ड बरामद कर जब्त किया गया है।

## करंट की चपेट में आने से दंपती की मौत, पहले पत्नी चपेट में आई, बचाने पहुंचा पति भी झुलसा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में करंट की चपेट में आने से पति-पत्नी की मौत हो गई। कपड़े सुखाने के लिए लगाए गए लोहे के जीआई तार में प्रवाहित करंट की चपेट में पहले पत्नी आ गई और वह तड़पने लगी। पत्नी को बचाने की कोशिश में पति भी करंट की चपेट में आ गया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना मस्तूरी थाना क्षेत्र के ग्राम कर्रा की है। जानकारी के मुताबिक सचिन चन्द्राकर (45) अपनी पत्नी रजनी चन्द्राकर (32) के साथ घर पर थे। सुबह रजनी रोजमर्रा के काम निपटाकर आंगन में कपड़े सुखाने गई थी। आंगन में लोहे का जीआई तार लगा हुआ था। जैसे ही उन्होंने गीले कपड़े उस तार पर डाले, वह अचानक करंट की चपेट में आ गई और जोर-जोर से छटपटाने लगी।

### बचाने के चक्कर में पति की गई जान

पत्नी की चीख सुनकर सचिन तुरंत बाहर पहुंचे। उन्होंने बिना कुछ सोचे पत्नी को बचाने की कोशिश की। जैसे ही उन्होंने रजनी को पकड़ा, वे भी तेज करंट की चपेट में आ गए। पति-पत्नी गंभीर रूप से झुलस गए और जमीन पर गिर पड़े। रिश्तेदार और ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और दोनों को मस्तूरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।



### आंधी-तूफान से टूटा तार

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम अस्पताल और घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। शुरुआती जांच में सामने आया कि पिछले दिन आए तेज आंधी-तूफान के कारण बिजली का सर्विस वायर टूटकर नीचे गिर गया था। यह तार अनजाने में कपड़े सुखाने वाले जीआई तार के संपर्क में आ गया। मामले की जांच की जा रही है।

### पुलिस की बड़ी सफलता, 6 दिनों में 217 फरार वारंटी गिरफ्तार

**रायगढ़।** रायगढ़ पुलिस द्वारा फरार आरोपियों और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए गए विशेष अभियान 'ऑपरेशन क्लीन हंट' के तहत बड़ी सफलता हासिल की गई है। 15 जून से 20 जून 2026 तक चले अभियान में जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों से कुल 217 फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इनमें 56 स्थायी वारंट और 161 गिरफ्तारी वारंटों की तामिली की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में संचालित इस अभियान का उद्देश्य न्यायालय से जारी वारंटों का निष्पादन कर फरार आरोपियों को कानून के दायरे में लाना था। अभियान के दौरान थाना जूटमिल की टीम ने सर्वाधिक 31 वारंटों की तामिली कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इनमें 18 गिरफ्तारी वारंट और 13 स्थायी वारंट शामिल हैं।









## खास खबर



### रेलवे से जेल तक 650 से अधिक ने किया योग

**रायपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को रायपुर में अलग-अलग संस्थानों में योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल और केंद्रीय जेल रायपुर में बड़े स्तर पर योग कराया गया। दोनों कार्यक्रमों में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए नियमित योग करने का संदेश दिया गया। रायपुर रेल मंडल में डीआरएम दयानंद ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ योगाभ्यास किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने कोलकाता में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योग दिवस कार्यक्रम का प्रसारण भी देखा और उनका संबोधन सुना।

### प्रदेश में सबसे गर्म रहा शहर, रात में झमाझम बारिश

**बिलासपुर।** मौसम विभाग ने 23 जून को मानसून के बस्तर पहुंचने की संभावना जताई है। इससे पहले प्री मानसून बारिश की शुरुआत हो चुकी है। शहर में इस सीजन में पहली बार तेज बारिश हुई। हालांकि दोपहर में बिलासपुर का तापमान प्रदेश में सबसे ज्यादा रिकॉर्ड हुआ। यह सामान्य से पांच डिग्री ज्यादा रहा। मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मानसून के 23 जून के आसपास छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हो रही हैं। इधर, गर्मी से लोग परेशान हो रहे हैं। रविवार को बिलासपुर में गर्मी ने लोगों की हालत खराब कर दी। सुबह से ही तेज धूप निकली और दोपहर में लोगों को काफी मुश्किल हुई। दोपहर में अधिकतम तापमान सामान्य से 5.1 डिग्री से अधिक 41.8 रहा। शाम को आसमान पर बादल नजर आए। पौने नौ बजे के करीब पहले उसलापुर व सकरी इलाके में तेज बारिश शुरू हुई।

# ताइक्वांडो में भारत बना ओवरऑल चैंपियन, 34 स्वर्ण और 27 रजत पदक जीते

श्रीकंचनपथ समाचार

**रायपुर।** नेपाल फेडरेशन एवं पीसीए स्पोर्ट्स मैनेजमेंट नेपाल द्वारा आयोजित प्रथम इंडो-नेपाल ओपन इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2026 में भारतीय खिलाड़ियों ने 34 स्वर्ण पदक और 27 रजत पदक जीतकर भारत को ओवरऑल चैंपियन बनाया है। नेपाल के पोखरा में 14 जून से 18 जून तक इसका आयोजन किया गया था जिसमें छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी शामिल थे।

प्रतियोगिता में भारत, नेपाल, भूटान और बांग्लादेश सहित कई अन्य देशों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 34 स्वर्ण और 27 रजत पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। मेजबान नेपाल दूसरे तथा बांग्लादेश तीसरे स्थान पर रहा।

प्रतियोगिता में खेलो ताइक्वांडो यूथ स्पोर्ट्स फेडरेशन के 61 खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भारत को चैंपियन बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संगठन और देश का नाम गौरवान्वित करने वाले खिलाड़ियों के प्रतियोगिता से लौटने पर रेलवे स्टेशन पर परिजनों एवं शुभचिंतकों ने फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए सभी ने उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खुशी जताई।

फेडरेशन के अध्यक्ष बाबा पात्रे, कार्यकारी अध्यक्ष राजकुमार यादव (मध्य प्रदेश), इंटरनेशनल ताइक्वांडो मास्टर गणेश सागर, रिमझिम गुप्ता तथा अन्य पदाधिकारियों ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और टीम के अधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को अनुभव प्रदान करने के साथ-साथ खेल के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री ने किया योगाभ्यास

# ऋषि-मुनियों की अमूल्य विरासत है योग, इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं : विजय

श्रीकंचनपथ समाचार

**कबीरधाम।** 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कबीरधाम जिले के पी. जी. कॉलेज कवर्धा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के रूप में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा भी शामिल हुए। जहां उन्होंने जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारी, स्कूल-कॉलेज के छात्र छात्राओं और गणमान्य नागरिकों ने सामूहिक योगाभ्यास किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिनकी पहल से भारत की सदियों पुरानी हमारी स्वस्थ जीवन शैली की यह कला आज पूरे विश्व में अपनायी जा रही है। 12 वर्ष पूर्व अपने निर्वाचित होते ही उन्होंने योगा दिवस को अंतर्राष्ट्रीय स्तर मनाने का आह्वान किया था, जिसे 170 देशों ने समर्थन दिया है। आज प्रधानमंत्री श्री मोदी 12 वर्षों के कार्यकाल के साथ सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री है, इसी के साथ यह अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भी 12 वां वर्ष है।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने आगे कहा कि आज हमारे ऋषि मुनियों के पुण्य स्मरण का अवसर है, हम उनके सदा आभारी रहेंगे जिन्होंने सेहत के इस बहुमूल्य कला विकसित किया और हमें विरासत के रूप में सौंपा है।

यह एक प्रमाणित विद्या है, जो सदियों से हमारे जीवनशैली का अभिन्न अंग रहा है। उन्होंने नियमित रूप से योगाभ्यास पर जोर देते हुए कहा कि योग निरोगी काया के साथ स्वस्थ चित्त का आधार है। सभी वर्ग के लोगों ने इसे अपनाया है।

पतंजलि योग समिति के वरिष्ठ योग प्रशिक्षक सुरेश चन्द्रवंशी व अन्य प्रशिक्षकों ने योगाभ्यास कराया। प्रार्थना के साथ योग सत्र का आरंभ हुआ। योग प्रशिक्षकों ने अभ्यास सत्र के दौरान ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, वक्रासन, भुजंगासन, उत्तान मंडूकासन, मकरासन, उत्तानपाद आसन, पवन मुक्तासन, प्राणायाम सहित अन्य विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया और इनके लाभ के बारे में जानकारी दी गई। अंत ध्यान और प्रार्थना के साथ सत्र का समापन हुआ।

इस अवसर पर गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष बिसेसर पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य राम कुमार भट्ट, नितेश अग्रवाल, गोपाल साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश चंद्रवंशी, पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, मोतीराम चंद्रवंशी, कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कोंडागांव में पुनर्वासित युवाओं ने भी किया सामूहिक योगाभ्यास



श्रीकंचनपथ समाचार

**कोंडागांव।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज शासकीय आदर्श आवासीय कन्या महाविद्यालय परिसर कोण्डागांव में जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देवखरगांव पुनर्वास केंद्र में रह रहे पुनर्वासितों ने भी बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

विशेष रूप से पहुंचे कांकेर सांसद भोजराज नाग और बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष व कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने इन पुनर्वासित व्यक्तियों से आत्मीय मुलाकात की और उन्हें जीवन की इस नई व सकारात्मक शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दीं।

जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के समन्वय से देवखरगांव पुनर्वास केंद्र में आत्मसमर्पित व्यक्तियों को समाज की मुख्यधारा में वापस लाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। शासन की पुनर्वास नीति के तहत इन व्यक्तियों को शांतिपूर्ण और सम्मानजनक जीवन जीने के लिए विभिन्न प्रकार के कौशल विकास और रोजगारपरक प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। वर्तमान में पुनर्वास केंद्र में कुल 21 पुनर्वासित व्यक्ति निवास कर रहे हैं, जो लाइवलीहुड कॉलेज के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर हैं। 3 प्रशिक्षार्थियों को 'असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन' और 3 प्रशिक्षार्थियों को टू-व्हीलर सर्विस असिस्टेंट का व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शेष बचे 15 पुनर्वासित व्यक्तियों को भी बहुत जल्द कारपेंटर, राजमिस्त्री, इलेक्ट्रिशियन, सिलाई और वाहन चालक का प्रशिक्षण मिल रहा है।

# बेहतर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए प्रतिदिन करें योगाभ्यास : अरुण साव

श्रीकंचनपथ समाचार

**दुर्ग।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आज दुर्ग जिला मुख्यालय में खालसा पब्लिक स्कूल प्रांगण में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, विधायक रिकेश सेन, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय, पद्मश्री उषा बारले, महापौर अलका बाघमार, जिला पंचायत की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर, आईजी अभिषेक सांडिल्य, कलेक्टर अभिजीत सिंह, एसएसपी विजय अग्रवाल, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक और कई स्कूलों के विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास किया।




श्री साव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष संपूर्ण देश में 'योगा फॉर हेल्दी एजिंग' के लिए योग दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने सभी से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि योग का जीवन में बड़ा महत्व है। योग ऐसा सशक्त माध्यम है, जिससे शारीरिक एवं बौद्धिक विकास संभव है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को नियमित योग करने की शपथ दिलाई।

सांसद विजय बघेल ने कहा कि योग जीवन जीने की प्राचीन परम्परा है। आज योग को देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठा दिलाई है। प्रधानमंत्री के प्रयासों से पूरी दुनिया योग के महत्व को समझ रही है। उन्होंने कहा कि 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज विश्व के अनेक देशों में मनाया जा रहा है। योग प्रशिक्षक प्राची भट्टाचार्य एवं डिलिमा मजूमदार ने कपालभाति, अनुलोम-विलोम, शिति और भ्रामरी प्राणायाम सहित योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। उन्होंने ओम् के सुमधुर उच्चारण और शांति पाठ वाचन के साथ योगाभ्यास का समापन किया।

# मीडिया प्रोफेशनल्स के लिए जीवन को संतुलित करने का सक्त माध्यम है योग : कुलपति प्रो. मनोज दयाल

श्रीकंचनपथ समाचार

**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनोज दयाल ने किया। इस अवसर पर शासकीय मिडिल स्कूल, काठाडीह की प्रभारी प्रधान पाठिका ने मुख्य योग प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं को योग प्रोटोकॉल के अनुरूप योगाभ्यास कराया।

कुलपति प्रो. मनोज दयाल ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में हजारों वर्ष प्राचीन योगसूत्रों को महर्षि पतंजलि ने सूत्रबद्ध और सुव्यवस्थित किया था। आज के दौर में हमें योग विज्ञान के व्यावहारिक महत्व के साथ-साथ इसके व्यावसायिक उद्यम के उभरते स्वरूप को भी समझने की जरूरत है।




उन्होंने कहा कि मीडिया शिक्षा और पत्रकारिता के क्षेत्र में काम करने वाले शिक्षार्थियों, शोधार्थियों और प्रोफेशनल्स के लिए योग बेहद जरूरी है। इसके नियमित अभ्यास से वे अपने चुनौतीपूर्ण जीवन को संतुलित एवं संयमित करते हुए अपने भीतर सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्र ऋषि कुशाभाऊ ठाकरे की प्रतिमा स्थल के समीप यह सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नृपेन्द्र कुमार शर्मा ने योग के परिचय और मानव जीवन में इसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकगण पंकज नयन पांडेय, डॉ. शाहिद अली, डॉ. राजेन्द्र मोहंती सहित सहायक कुलसचिव डॉ. देवसिंह पाटिल, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का सफल संचालन सहायक कुलसचिव डॉ. देवसिंह पाटिल ने किया। योगाभ्यास सत्र के समापन पश्चात उपस्थित विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ वर्णिका का संदेश

# केवल व्यायाम नहीं बल्कि तन-मन का संपूर्ण विज्ञान है योग

श्रीकंचनपथ समाचार

रायपुर। सारंगढ़ जिले के नगर पंचायत सरिया में आयोजित 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने योग को भारतीय संस्कृति की आत्मा और राष्ट्र निर्माण का आधार बताया। उन्होंने कहा कि योग तन और मन के बीच सेतु बनकर व्यक्ति का समग्र विकास करने वाला एक संपूर्ण विज्ञान बन गया है।

डॉ. शर्मा ने योग के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग का पहला परिचय धर्म की रक्षा के लिए कुरुक्षेत्र की रणभूमि में ही हुआ था, जब भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश देते हुए सांख्य योग के माध्यम से अधर्मी शक्तियों से लड़ने का मार्ग दिखाया था। उन्होंने आगे कहा कि आज जब हम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का 12वां वर्ष मना रहे हैं, तो यह पूरे देश के लिए गर्व का विषय है कि एक योग-धर्मी के त्याग, समर्पण और सेवा भाव की बदौलत आज योग को वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान मिली है। पिछले 12 वर्षों में योग की परिभाषा बदली है, यह अब केवल शारीरिक कसरत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि तन और मन के बीच सेतु बनकर व्यक्ति का समग्र विकास करने वाला एक संपूर्ण विज्ञान बन गया है। भारत केवल आयु वर्ग के आंकड़ों से युवाओं का देश नहीं कहलाएगा। असली युवाओं का देश वह भारत होगा जो योग से युवा रहेगा। योग शरीर को लचीलापन ही नहीं देता, बल्कि मानसिक दृढ़ता और संतुलन भी देता है।



भारत के डेमोग्राफिक डिविडेंड (जनसांख्यिकीय लाभांश) पर बात करते हुए डॉ. वर्णिका शर्मा ने इस धारणा को खारिज किया कि योग केवल युवाओं के लिए है। उन्होंने कहा कि वास्तविकता यह है कि योग करने वाला प्रत्येक व्यक्ति युवा हो जाता है। जब हम योग के माध्यम से अपने मन और मस्तिष्क को नियंत्रित करना सीख लेते हैं, तब जीवन के हर क्षेत्र में हमारी जवाबदेही और कार्यक्षमता बढ़ जाती है।

उन्होंने आम जनता से आह्वान किया कि योग को केवल एक दिन का आयोजन न बनाएं, बल्कि इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर घर-घर तक पहुंचाएं, ताकि एक स्वस्थ, सशक्त और उज्ज्वल भारत का निर्माण हो सके।

सरिया में आयोजित इस योग कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित स्थानीय पार्षदगण और बड़ी संख्या में अन्य जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।

# दंतेवाड़ा में नए पर्यटन संभावनाओं की तलाश ढोलकल ट्रेकिंग रूट का मंत्री ने किया लोकार्पण

श्रीकंचनपथ समाचार

**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा जिले की प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक धरोहरों और पर्यटन संभावनाओं को नई पहचान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ढोलकल ट्रैकिंग रूट का लोकार्पण किया गया। डीएमएफ के तहत लगभग 61.05 लाख रुपये की लागत से विकसित इस ट्रैकिंग रूट का लोकार्पण वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने किया।

मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि दंतेवाड़ा प्राकृतिक सौंदर्य, घने जंगलों और धार्मिक-आध्यात्मिक स्थलों से समृद्ध जिला है। ढोलकल ट्रैकिंग रूट के विकसित होने से जिले में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र की सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही पर्यटकों और श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवागमन की बेहतर सुविधा भी उपलब्ध होगी। पहाड़ों और प्राकृतिक सौंदर्य से घिरे ढोलकल क्षेत्र तक पहुंच अब पहले की तुलना में अधिक सुगम और सुरक्षित हो सकेगी। ट्रैकिंग रूट के निर्माण से पर्यटकों, प्रकृति प्रेमियों और साहसिक गतिविधियों में रुचि रखने वाले लोगों को बेहतर अनुभव मिलेगा।



इस अवसर पर विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर तथा वरिष्ठ जनप्रतिनिधि संतोष गुप्ता, एसपी गौरव राय, डीएफओ रामकृष्णा रंगनाथा वाय, सहित अधिकारी-कर्मचारी और ग्रामीणजन भी मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950